राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in




# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 270
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
रविवार 24 अगस्त 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा में दो बदमाश गिरफ्तार, बाइक चोरी कर बेचते थे
पेज 4 शारदा नदी का जलस्तर बढ़ा हजारा गांव में घुसा बाढ़ का पानी
पेज 6 एशिया कप से पहले बीमार हुए शुभमन गिल, दलीप ट्रॉफी से बाहर

## संक्षिप्त खबरें

### ईडी ने दिल्ली-गुरुग्राम में छापेमारी कर फर्जी कॉल सेंटर पकड़ा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुग्राम और नई दिल्ली में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया। यहां से अमेरिकी नागरिकों को टेक सपोर्ट देने के नाम पर 15 मिलियन डॉलर (करीब 130 करोड़ रुपए) की ठगी गई है। एजेंसी ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ईडी ने शनिवार को बताया कि 20 अगस्त को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत गुरुग्राम और दिल्ली की 7 जगहों पर छापेमारी की गई थी। इस दौरान अरुण गुलाटी, दिव्यांश गोयल और अभिनव कालरा को पकड़ा गया। एजेंसी के मुताबिक, ये तीनों अलग-अलग ऑफिस से कॉल सेंटर चला रहे थे।

### गोटमार मेले में पत्थरबाजी से करीब 1000 लोग घायल

**पांढुर्णा।** मध्यप्रदेश के पांढुर्णा में गोटमार मेले में परंपरा के नाम पर हुई पत्थरबाजी में करीब 1000 लोग घायल हो गए। किसी का हाथ टूट गया, किसी का पैर फ्रैक्चर हो गया। किसी को सिर पर चोट आई तो किसी को चेहरे पर। घायलों में से दो को नागपुर रेफर किया गया है। इनमें एक ज्योतिराम उईके का पैर टूट गया है, जबकि निलेश जानराव का कंधा टूटा है। प्रशासन ने स्थानीय स्तर पर घायलों के इलाज के लिए 6 अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र बनाए हैं, इनमें 58 डॉक्टर और 200 मेडिकल स्टाफ तैनात है। सुरक्षा के लिहाज से 600 पुलिस जवान तैनात रहे। कलेक्टर अजय देव शर्मा ने धारा 144 भी लागू की।

# पटना में ट्रक-ऑटो में टक्कर, 9 लोगो की मौत

## विधायक बोले-अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री की गाड़ी ने उड़ाया

**पटना।** पटना में सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई है। 4 लोग घायल हुए हैं। एक्सीडेंट शनिवार सुबह शाहजहांपुर के दनियावां हिलसा स्टेट हाईवे-4 पर सिगरियावा स्टेशन के पास हुआ।

ट्रक-ऑटो में हुई आमने-सामने की टक्कर में 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 ने अस्पताल में दम तोड़ा। मरने वालों में 8 महिलाएं और ऑटो ड्राइवर शामिल हैं। मृतकों में मां-बेटी भी है।

दनियावां थाना अध्यक्ष ने बताया, मृतक नालंदा जिले के हिलसा के मलावा के रहने वाले थे। घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। सभी को इलाज के लिए PMCH भेजा गया है।

प्रत्यक्षदर्शी राजीव रंजन ने बताया, सुबह 6 बजे के आसपास की घटना है। ट्रक वाले ने ऑटो को जोरदार टक्कर मारी। ऑटो से सभी गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। 8 से 9 लोगों की मौत हुई है। 4-5 घायल हैं।

हादसा सीमेंट फैक्ट्री के पास हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रक सीमेंट फैक्ट्री का ही था। हादसे के बाद ट्रक कंपनी के अंदर चला गया।

गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया है। मौके पर फैक्ट्री संचालक को बुलाने की मांग कर रहे हैं।





दनियावां में हुए हादसे पर सीएम नीतीश कुमार ने दुख जताया है। वहीं घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की है।

पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव और राबड़ी देवी ने हादसे पर शोक जताते हुए मृतकों के आश्रितों को दस लाख रुपए का मुआवजा और घायलों का सरकार के स्तर से इलाज कराए जाने की मांग की है।

### ऑटो से बहकर सड़क पर फैल गया खून

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सड़क पर लाशें पड़ी थी, और उससे लिपटकर परिजन रोए जा रहे थे। को ई सिर पीट रहा, कोई छाती।

टक्कर के बाद ऑटो के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी से खून रिस कर सड़क पर फैल गया। सड़क किनारे कुछ महिलाओं की लाश पड़ी थी।

सड़क पर मृतकों के सामान, चप्पलें बिखरी पड़ी थीं। दुर्घटना को लेकर स्थानीय लोगों में गुस्सा है।

हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी ने कहा, पास में ही अल्ट्राटेक फैक्ट्री है। सड़क का सबसे अधिक फायदा उन्हें ही मिलता है। सड़क के दोनों तरफ होटल बनने से यहां अक्सर हादसे होते रहते है। जिस ट्रक से हादसा हुआ है वो फैक्ट्री के अंदर लगा है। फैक्ट्री पर भी जुर्माना लगाया जाए, और उस राशि को पीड़ित परिवार को देना चाहिए।

# 25 अगस्त से अमेरिका के लिए भारतीय डाक सेवाएं सस्पेंड

- सिर्फ 8700 रुपए तक के डॉक्यूमेंट-गिफ्ट भेज सकेंगे; अमेरिकी टैरिफ की वजह से फैसला

**नई दिल्ली।** भारतीय डाक विभाग 25 अगस्त से अमेरिका के लिए ज्यादातर डाक सामानों की बुकिंग सस्पेंड करने जा रहा है।

फिलहाल ये फैसला अस्थायी रूप से लागू होगा। 23 अगस्त को डाक विभाग ने एक प्रेस नोट जारी करके इसकी जानकारी दी। 29 अगस्त से अमेरिका जाने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय डाक सामानों पर देश-विशेष इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर एक्ट टैरिफ स्ट्रक्चर के अनुसार कस्टम ड्यूटी देनी होगी। चाहे उनकी कीमत कितनी भी हो।

हालांकि, 100 डॉलर (करीब 8,700 रुपए) तक की कीमत वाले गिफ्ट आइटम्स को ड्यूटी से छूट मिलती रहेगी।

इससे पहले 800 डॉलर यानी करीब 70 हजार रुपए तक के सामान ड्यूटी फ्री थे।

## विरोध प्रदर्शन



गुजरात के अहमदाबाद में सेवेंथ डे एडवेंटिस्ट स्कूल के कक्षा 10 के एक छात्र की उसके जूनियर छात्र द्वारा मामूली कहासुनी के बाद चाकू मारकर हत्या कर दिए जाने के बाद स्कूल के छात्रों के माता-पिता विरोध प्रदर्शन करते हुए।

# कर्नाटक- कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र को ईडी ने गिरफ्तार किया

## छापेमारी में 12 करोड़ कैश, 6 करोड़ की ज्वैलरी मिली; गोवा में पांच कसीनो के मालिक







**बेंगलुरु।** कर्नाटक से कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र को प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को सिक्किम से गिरफ्तार किया। वीरेंद्र की गिरफ्तारी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत हुई है। उन पर अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी का आरोप है। ईडी ने शुक्रवार को वीरेंद्र के ठिकानों पर छापा मारा था। छापेमारी के दौरान जांच एजेंसी को 12 करोड़ रुपए कैश और 6 करोड़ की गोल्ड ज्वैलरी मिली। साथ ही एक करोड़ की फॉरेन करेंसी भी बरामद की है। चार गाड़ियां भी जब्त की गई हैं।

केसी वीरेंद्र कर्नाटक की चित्रदुर्ग विधानसभा में विधायक हैं। बताया गया है कि विधायक की गोवा में कसीनो कारोबार में हिस्सेदारी है। वे करीब पांच कैसिनो के मालिक हैं, जिसमें फेमस पप्पीज कसीनो भी शामिल है। कर्नाटक में पिछले 8 दिनों में अब तक दो कांग्रेस विधायक शिंकजे में आ चुके हैं। इससे पहले 14 अगस्त को ईडी ने कर्नाटक कांग्रेस विधायक सतीश कृष्ण सैल के घर से 1.41 करोड़ रुपए जब्त किए थे। ईडी ने उनके और परिवार के बैंक लॉकरों से 6.75 किलो गोल्ड की ज्वेलरी और बिस्किट बरामद किए थे।

ईडी ने बताया कि तलाशी में मिले कैश और सोने के अलावा 14.13 करोड़ जमा वाले बैंक अकाउंट भी फ्रीज किए गए हैं और कई अहम दस्तावेज, ई-मेल व रिकॉर्ड भी जब्त हुए हैं। सैल उत्तर कन्नड़ जिले की कारवार विधानसभा सीट से विधायक हैं।

# अनिल अंबानी के ठिकानों पर सीबीआई की रेड

## एफआईआर भी दर्ज हुई, एसबीआई से 2929 करोड़ रुपए के लोन-फ्रॉड का मामला

बैंक ने अनिल अंबानी के खिलाफ व्यक्तिगत दिवालिया कार्यवाही भी शुरू की है, जो मुंबई एनसीएलटी में पेंडिंग है।

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ 2,929 करोड़ रुपए के बैंक फ्रॉड मामले में केस दर्ज किया है। सीबीआई ने मुंबई में रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड के ऑफिस और अनिल अंबानी के घर पर शनिवार (23 अगस्त) को छापेमारी भी की है।

यह फ्रॉड स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से जुड़ा है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में लिखित जवाब में कहा था कि एसबीआई ने इस मामले में सीबीआई में शिकायत दर्ज करने की प्रोसेस भी शुरू की है। इसके अलावा बैंक ने अनिल अंबानी के खिलाफ व्यक्तिगत दिवालिया कार्यवाही भी शुरू की है, जो मुंबई एनसीएलटी में पेंडिंग है।

इससे पहले 23 जुलाई को भी ईडी ने अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़े 35 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की थी। रेड यस बैंक से लिए 3000 करोड़ रुपए के लोन धोखाधड़ी मामले में की गई थी।

### चंडीगढ़ में 3 थार की कीमत में बिका 0001 नंबर

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में गाड़ियों के फैंसी नंबरों के लिए इस बार लगी बोली ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इनमें पहला 0001 नंबर इतना महंगा रहा, जितने में एक टोयोटा फॉरच्यूनर या 3 थार गाड़ी खरीदी जा सकती हैं। इस नंबर की कीमत 36.43 लाख रुपए लगाई गई। यह अब तक का सबसे महंगा नंबर बन गया है। सेक्टर-17 स्थित रजिस्टरिंग एंड लाइसेंसिंग अथॉरिटी ने नीलामी में टॉप-7 नंबर बेचकर ही 128.15 लाख रुपए कमा लिए।

# चंद्रबाबू नायडू देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री

## 30 मौजूदा सीएम की कुल संपत्ति में 57 प्रतिशत सिर्फ नायडू के पास

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। उनके पास 931 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति है। देश के मौजूदा 30 मुख्यमंत्रियों के पास कुल 1632 करोड़ रुपए की संपत्ति है। इसका करीब 57 प्रतिशत हिस्सा चंद्रबाबू के पास है।



उनके पास 810 करोड़ रुपए की चल संपत्ति (कैश डिपॉजिट, जेवर आदि) और 121 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति (मकान, जमीन आदि) है। चंद्रबाबू पर 10 करोड़ रुपए का कर्ज भी है।

वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पास सबसे कम संपत्ति है। उनके पास सिर्फ 15.38 लाख रुपए की चल संपत्ति है। ममता के पास किसी प्रकार की अचल संपत्ति नहीं है। चुनाव सुधार के लिए काम करने वाले एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और नेशनल इलेक्शन वॉच की एक रिपोर्ट से इस बात की जानकारी मिली है। 27 राज्य और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के सभी मौजूदा 30 मुख्यमंत्रियों के हलफनामों का एनालिसिस करके यह रिपोर्ट तैयार की है। डेटा पिछला चुनाव लड़ने से पहले दायर हलफनामों से लिया गया है। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है।

332 करोड़ रुपए की कुल संपत्ति के साथ अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू दूसरे सबसे अमीर सीएम नंबर पर हैं। उनके पास करीब 165 करोड़ रुपए की चल संपत्ति और 167 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है।

हालांकि, खांडू कर्जदार मुख्यमंत्रियों की लिस्ट में सबसे ऊपर हैं। उनके ऊपर 180 करोड़ रुपए से ज्यादा की देनदारी है।

कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया तीसरे नंबर पर हैं। उनके पास 51 करोड़ रुपए की संपत्ति है।



## हैप्पी मॉर्निंग


जीजा जी- ओह माय गॉड एक्सरे में तुम्हारी हड्डी टूटी हुई है
साली साहिबा- चलो भगवान की कृपा है कि एक्सरे में ही हड्डी टूटी है अगर सच में टूटी होती तो काफी खर्चा हो जाता साली साहिबा की बात सुनकर जीजा जी को पूरी रात नींद नहीं आई



## शायरी

उड़के एक रोज़ बड़ी दूर चली जाती हैं
घर की शाख़ों पे ये चिड़ियों की तरह होती हैं

## अर्थसार



संसेक्स:
81,306.85
-693.86 (0.85%)
निफ्टी:
24,870.10
-213.65

## मौसम



अधिकतम : 31 डिग्री से0
न्यूनतम : 26 डिग्री से0
सूर्योदय सोमवार : 5 : 57
सूर्यास्त रविवार : 6 : 53

# कर्नाटक धर्मस्थल केस- शिकायतकर्ता ही गिरफ्तार

## कहा था- लाशें जलाने-दफनाने को मजबूर किया, बयान और दस्तावेज में फर्क

मंगलुरु। कर्नाटक के धर्मस्थल में कई शवों को दफनाने के केस में नया ट्विस्ट आया है। राज्य सरकार की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने मामले के शिकायतकर्ता को ही गिरफ्तार किया है। उस पर झूठा बयान देने और गलत सबूत पेश करने का आरोप है।

गिरफ्तार शिकायतकर्ता मंदिर का पूर्व सफाई कर्मचारी था। इसी ने दो दशकों तक धर्मस्थल में कई हत्याओं, बलात्कार और शव दफनाने का आरोप लगाया था। उसकी पहचान सी एन चिन्नैया के रूप में हुई है।



एसआईटी चीफ प्रणब मोहंती ने बताया कि उसके बयान और दस्तावेज में फर्क निकला।

इसके बाद चिन्नैया से शुक्रवार देर रात तक पूछताछ की। फिर शनिवार सुबह उसे अरेस्ट किया गया और फर्स्ट क्लास ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट विजयेंद्र की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने चिन्नैया को 10 दिन की एसआईटी की कस्टडी में भेज दिया है।

# उत्तराखंड के थराली में बादल फटा, एक की मौत

**देहरादून/जयपुर/भोपाल।** उत्तराखंड में चमोली जिले के थराली में शुक्रवार देर रात बादल फट गया। हादसा रात 1 से 2 बजे के बीच हुआ। आसपास के दो गांव सागवाड़ा और चेपड़ों में काफी नुकसान हुआ।

चमोली के डीएम संदीप तिवारी ने बताया कि थराली तहसील मुख्यालय के एक किलोमीटर के दायरे में कई जगहों पर तबाही मच गई क्योंकि स्थानीय नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। चेपड़ों गांव में एक व्यक्ति लापता है, जबकि सागवाड़ा में एक घर पर मलबा गिरने से एक लड़की दब गई थी। कुछ घंटो बाद उसका शव बरामद कर लिया गया। दोनों गांवों में मिलाकर कुल 70-80 घरों में करीब 2 फीट तक मलबा घुस गया।

थराली को जोड़ने वाला कर्णप्रयाग-ग्वालदम नेशनल हाईवे मिंग गधेरा के पास मलबा आने के कारण बंद हो गया है।

# अहमदाबाद-10 लोगों ने सड़क पर युवक की हत्या की

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद के कागडापीठ इलाके में शुक्रवार शाम को 10 बदमाशों ने एक युवक का अपहरण कर सड़क पर धारदार हथियारों से हमला किया। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस हमले की वजह दो गैंग के बीच में लड़ाई है। पीड़ित के भाई अक्षय ने सात लोगों के खिलाफ अपहरण और हत्या की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने तीन आरोपियों विजय, शैलेश और पूनम पटणी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि बाकी की तलाश के लिए पांच टीमें बनाई गई हैं। गैंगवार की शुरुआत तब हुई जब सतीश पटणी की गैंग ने विपुल नाम के युवक पर हमला किया था। इसके बाद विपुल की गैंग ने सतीश के भाई दीपक पर हमला किया और घायल कर दिया। इसी का बदला लेने के लिए सतीश की गैंग ने नितिन को निशाना बनाया।




सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक, नितिन का उसके ऑफिस से अपहरण कर उसी जगह लाया गया, जहां कुछ दिन पहले दीपक पर हमला हुआ था। नितिन के भाई अक्षय ने बताया कि जब उसकी बहन ने फोन कर नितिन के अपहरण की जानकारी दी, तब वह थाने पहुंचा।

## सड़क हादसा

### फॉर्च्यूनर और टेंपो की आमने-सामने टक्कर, पुलिस-प्रशासन अलर्ट

# भीषण सड़क हादसा : मासूम समेत पांच की मौत, कई घायल

पीलीभीत। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सरदार नगर/बिसेन में शनिवार दोपहर ऐसा दर्दनाक हादसा हुआ जिसने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया। हरिद्वार हाईवे पर पेट्रोल पंप के समीप तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर और सवारी भरे टेंपो की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि टेंपो में सवार दो मासूम बच्चों सहित पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों और घायलों के परिवारों में कोहराम मच गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि फॉर्च्यूनर वाहन पूरी तरह से अपनी लेन से हटकर गलत दिशा से आ रही थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो चालक विजय (30) की मौके पर ही मौत हो गई और सड़क पर शव बिखर गए। बच्चों और घायलों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। जहानाबाद के ईएमओ डॉक्टर ने बताया कि मृतकों में नगर पंचायत नौगवां पकड़िया निवासी राजदा (45 वर्ष) पत्नी अल्ताफ, उनकी दो वर्षीय नातिन हमजा पुत्री सुल्तान, जानिसार (40 वर्ष) पुत्र जागीर शाह निवासी पश्चिम बंगाल, टेंपो चालक विजय (30 वर्ष) पुत्र लीलाधर निवासी खमड़िया दलेलगंज और फरीदा (35 वर्ष) शामिल हैं।गंभीर रूप से घायलों में मृतक मासूम की मां मुस्कान (22 वर्ष), फरजान (8 वर्ष), सहरीना, फैजुल आदि शामिल हैं। इनमें से तीन की हालत अत्यंत नाजुक बताई जा रही है, जिनमें एक को बरेली रेफर किया गया है।हादसे के बाद मृतकों के घरों में कोहराम मचा हुआ है। मातम का आलम यह है कि बच्चों की किलकारियों से गूंजने वाले घर अब सूने हो गए हैं। गांव के लोग ढांढस बंधाने पहुंचे, लेकिन पीड़ित परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है।सूचना पर जहानाबाद थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को सीएचसी जहानाबाद ले जाया गया, जहां से गंभीर घायलों को जिला अस्पताल और एक को बरेली रेफर किया गया। पुलिस ने मृतकों के शव कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने की कार्रवाई शुरू कर दी है।



डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना और परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।इस भीषण हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक पल की असावधानी ने पांच परिवारों की खुशियां छीन लीं।

## संपादकीय

# पैसों से जुड़े ऑनलाइन खेलों की काली दुनिया

आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन गेमिंग ने मनोरंजन का एक नया आयाम खोल दिया है। लेकिन इस चमकती दुनिया के पीछे एक अंधेरी सच्चाई छिपी है, खासकर उन खेलों की, जो पैसे के लेन-देन से जुड़े हैं। ऑनलाइन जुआ, फंतासी स्पोर्ट्स, और क्रिप्टो-आधारित गेम्स जैसे प्लेटफॉर्म्स ने लाखों लोगों को आकर्षित किया है, लेकिन इनके साथ जुड़े जोखिम और नुकसान समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन रहे हैं।



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### ऑनलाइन जुए का बढ़ता प्रचलन

ऑनलाइन जुआ प्लेटफॉर्म्स, जैसे पोकर, रमी, और स्लॉट गेम्स, ने भारत में तेजी से लोकप्रियता हासिल की है। ये खेल आसानी से स्मार्टफोन पर उपलब्ध हैं और आकर्षक ग्राफिक्स, बोनस, और त्वरित कमाई के वादों के साथ उपयोगकर्ताओं को लुभाते हैं। लेकिन इन खेलों की लत कई लोगों को आर्थिक और मानसिक रूप से बर्बाद कर रही है। भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार ने कई बार अवैध जुआ साइटों के खिलाफ चेतावनी जारी की है, फिर भी ये प्लेटफॉर्म्स छद्म रूप में चल रहे हैं।

### फैंटेसी स्पोर्ट्स : खेल या जुआ?

फैंटेसी स्पोर्ट्स जैसे ड्रीम11 और माय11सर्कल ने खेल प्रेमियों के बीच खासी लोकप्रियता हासिल की है। ये प्लेटफॉर्म्स दावा करते हैं कि ये कौशल-आधारित हैं, न कि जुआ। हालांकि, हकीकत यह है कि इनमें भाग्य का बड़ा योगदान होता है। कई लोग इन खेलों में बड़ी रकम निवेश करते हैं, यह सोचकर कि वे आसानी से पैसा कमा लेंगे। लेकिन आंकड़े बताते हैं कि केवल 1-2 प्रतिशत उपयोगकर्ता ही नियमित रूप से जीतते हैं, जबकि बाकी नुकसान उठाते हैं।

### क्रिप्टो गेम्स और एनएफटी की चाल

क्रिप्टोकरेंसी और एनएफटी (नॉन-फंजिबल टोकन) आधारित गेम्स ने हाल के वर्षों में नई लहर पैदा की है। ये गेम्स उपयोगकर्ताओं को डिजिटल संपत्ति खरीदने और बेचने का लालच देते हैं। लेकिन इनके पीछे अक्सर धोखाधड़ी और अनियमितता का जाल होता है। कई बार ये प्लेटफॉर्म्स पॉन्जी स्कीम की तरह काम करते हैं, जहां नए उपयोगकर्ताओं के पैसे से पुराने उपयोगकर्ताओं को भुगतान किया जाता है। जब ये योजनाएं ढहती हैं, तो लाखों लोग अपनी जमा-पूंजी खो देते हैं।

### सामाजिक और आर्थिक प्रभाव

पैसों से जुड़े ऑनलाइन खेलों की लत ने कई परिवारों को तबाह किया है। युवा, विशेष रूप से 18-30 आयु वर्ग के लोग, इन खेलों में फंसकर अपनी बचत, नौकरी, और यहां तक कि रिश्तों को दांव पर लगा रहे हैं। मानसिक स्वास्थ्य पर भी इसका गहरा असर पड़ रहा है, जिसमें तनाव, चिंता, और अवसाद जैसी समस्याएं शामिल हैं। भारत जैसे देश में, जहां वित्तीय साक्षरता अभी भी सीमित है, लोग आसानी से इन जाल में फंस जाते हैं।

### कानूनी और नैतिक सवाल

भारत में जुआ कानून राज्य-विशेष हैं, और ऑनलाइन जुए को नियंत्रित करने के लिए स्पष्ट नियमों का अभाव है। कई प्लेटफॉर्म्स विदेशी सर्वरों से संचालित होते हैं, जिससे इन्हें नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा, बच्चों और किशोरों तक इन खेलों की पहुंच एक गंभीर नैतिक सवाल उठाती है। क्या इन प्लेटफॉर्म्स को केवल मनोरंजन के लिए छूट देना उचित है, जब ये सामाजिक और आर्थिक नुकसान का कारण बन रहे हैं?

### निष्कर्ष

पैसों से जुड़े ऑनलाइन खेलों की दुनिया में चमक और आकर्षण के पीछे एक काला सच छिपा है। इन खेलों से बचने के लिए जागरूकता, वित्तीय साक्षरता, और कड़े कानूनी नियमों की जरूरत है। व्यक्तिगत स्तर पर, लोगों को चाहिए कि वे इन खेलों में शामिल होने से पहले उनके जोखिमों को समझें और अपनी आर्थिक सुरक्षा को प्राथमिकता दें। सरकार और समाज को मिलकर इस अंधेरी दुनिया को उजागर करना होगा, ताकि लोग इसके जाल में फंसने से बच सकें।

## महामारी मोटापे की

देश में जिस तेजी से मोटापा और उससे जनित रोगों का दायरा बढ़ा है, उससे यह एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात जैसी स्थिति बनती जा रही है। जिससे मोटापा जनित गैर संक्रामक रोगों में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। एक हालिया अध्ययन में इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च व विश्व स्वास्थ्य संगठन ने खुलासा किया है कि साल 2025 तक भारत की वयस्क आबादी में मोटापे की दर 20 से 23 फीसदी तक जा पहुंची है। जबकि वर्ष 1990 में देश यह दर महज नौ से दस प्रतिशत ही थी। चिंता की बात यह है कि महज तीन दशक में मोटापा बढ़ने की यह दर दो गुना हो चुकी है। यही वजह है कि शहरों में आजकल हर चौथा व्यक्ति मोटापे का शिकार दिखायी देता है। दरअसल, देश में जैसे-जैसे आर्थिक समृद्धि आई तो हमारी खान-पान की आदतों में बदलाव आया है। हमारे भोजन में डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ, अधिक शूगर वाले पेय पदार्थ और युवाओं में जंक फूड का उपभोग तेजी से बढ़ा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि खाद्य तेलों का उपयोग भी बहुत तेज गति से बढ़ा है। आर्थिक विकास से समृद्धि आई तो हमारा खानपान समृद्ध हुआ,लेकिन वहीं शारीरिक निष्क्रियता भी बढ़ी है। दरअसल, खाद्य तेलों का बेतहाशा उपयोग भी मोटापे की वजह बना है। देश में नब्बे के दशक में जहां प्रति व्यक्ति तेल की औसतन खपत साढ़े तीन से चार लीटर थी, जो अब करीब बीस लीटर सालाना हो गई है। यानी चिंताजनक स्थिति तक पहुंचकर पांच गुना हो गई है। अब मोटापे की समस्या से शहर ही नहीं, ग्रामीण जीवन भी प्रभावित हो रहा है। बीती सदी में ऐसा देखने में नहीं आता है। दरअसल, इस सदी की शुरुआत में आई आर्थिक समृद्धि ने न केवल हमारी खानपान की आदतें बदली, बल्कि वाहनों के अधिक उपयोग व आरामदायक जीवनशैली ने हमारी शारीरिक सक्रियता भी कम कर दी। जो मोटापे की एक बड़ी वजह बना। देश में मोटापे की समस्या किस हद तक पहुंच चुकी है और उससे गैर संक्रामक रोग कितनी तेजी से बढ़ रहे हैं, उसको लेकर कई सार्वजनिक मंचों से प्रधानमंत्री देश को संबोधित कर चुके हैं। स्वतंत्रता दिवस पर उन्होंने देश में गति पकड़ते मोटापे पर गंभीर चिंता जतायी। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर भी वे मोटापे से मुक्त जीवन के लिये लाइफ स्टाइल में बदलाव की बात कह चुके हैं। उन्होंने खाद्य तेलों के उपयोग में कमी लाने की भी बात कही। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी कह चुका है कि पांच-छह सौ एमएल से अधिक खाद्य तेल का सेवन मोटापे, उच्च रक्तचाप, दिल के रोग और डायबिटीज के खतरे को बढ़ा सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कह रहे हैं कि खानपान की आदतों में सुधार और शारीरिक सक्रियता बढ़ाने से हम मोटापा कम कर सकते हैं। नियमित व्यायाम व योग-प्राणायाम इसमें खासे मददगार हैं। यहां संकट हमारी जीवन शैली में आये बदलावों का भी है, जिसमें हम देर रात को अधिक गरिष्ठ भोजन करते हैं। देर से सोना और देर से जागना अब आम बात हो चली है। तेजी से होते शहरीकरण, आफिसों में देर तक काम करने, शारीरिक सक्रियता में कमी तथा देर रात तक सोशल मीडिया में उलझे रहने से भी नींद की कमी ने जीवन में तनाव को बढ़ाया है।

# संभावना दिखते ही सड़क पर उतर जाते हैं राहुल

अभिनय आकाश

आज़ादी की लड़ाई से आजादी के बाद तक विभिन्न दलों की लोगों तक पहुंच बनाने की कोशिश कहीं न कहीं रंग लाती दिखी है। अब राहुल गांधी एक बार फिर से यात्रा पर निकले हैं।

मैं अकेला ही चला था जानिब-ए-मंज़िल मगर, लोग साथ आते गए और कारवाँ बनता गया मजरूह सुल्तानपुरी की ये लाइनें वर्तमान राजनीति पर बिल्कुल फिट बैठती हैं। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा लिखी गई किताब डिस्कवरी ऑफ इंडिया में उन्होंने एक किस्से का जिक्र किया है जब महात्मा गांधी दिसंबर 1914 के अंत में अवतरित होती है और उसके बाद से देश की राजनीति में एक बड़ा बदलाव आता है। इलीट लोगों के क्लब लगने वाली कांग्रेस पार्टी एक मॉस आर्गनाइजेशन में बदल जाती है। जवाहरलाल लाल नेहरू ने गांधी जी का जिक्र करते हुए इसमें बताया है कि गांधी जी ने सबसे बड़ा बदलाव जो भारतीय राजनीति में किया वो ये था कि उन्होंने लोगों के मन में जो खौफ था। अंग्रेजी साम्राज्य को लेकर जो डर था। गांधी ने मनोवैज्ञानिक स्तर पर और लोगों के मानस में एक बड़ा बदलाव किया। अंग्रेजों के डर को खत्म कर दिया। उन्होंने लोगों को अभय की बात सिखाई। अभय मतलब जिसको भय नहीं है। जुलाई 2024 को राहुल गांधी ने देश की संसद में खड़े होकर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान अभय मुद्रा का बार बार जिक्र किया। शिव की तस्वीर में और कांग्रेस का चुनाव चिह्न अभय मुद्रा है और ये निडर रहने की बात करता है। इसी दौरान राहुल ने कहा कि इस्लाम में दोनों हाथों से दुआ करना भी एक तरह की अभय मुद्रा है। वैसे तो देश में गौतमबुद्ध, शंकराचार्य, गुरुनानक से लेकर महात्मा गांधी और विनोबा भावे तक की पदयात्रा का अपना स्वर्णिम इतिहास रहा है। महात्मा गांधी जब चला करते थे तो लोग जुड़ते चले जाते थे। वो कारवां इतना बड़ा हुआ करता था कि परिवर्तन की दिशा इस देश को आजादी में ले गई। इससे इतर राजनीतिक दलों के नेताओँ की तरफ से भी पदयात्रा निकाली गई। यात्राएं इस देश की भीतर बहुत हुई हैं और हर यात्रा का कोई न कोई प्रतिफल उस राजनीतिक दल या नेता के भीतर जरूर आया है। देश में अब तक कई सियासी यात्राएं हुई है, उनमें से कुछ ने राष्ट्रीय या राज्य सियासत पर अपनी गहरी छाप छोड़ी है। लोगों ने उनसे संवाद बनाया। उनके अपने सरोकार लोगों से जुड़े और एक संवाद की स्थिति ने सत्ता तक भी पहुंचाया है।

### अब राहुल गांधी एक बार फिर से यात्रा पर निकले

आज़ादी की लड़ाई से आजादी के बाद तक विभिन्न दलों की लोगों तक पहुंच बनाने की कोशिश कहीं न कहीं रंग लाती दिखी है। अब राहुल गांधी एक बार फिर से यात्रा पर निकले हैं। अब राहुल गांधी वोट चोरी के सवाल को खड़ा करके बिहार के सासाराम से निकले हैं। 17 अगस्त शुरू हुई यह यात्रा 16 दिनों में बिहार के 20 से ज़्यादा ज़िलों से होकर गुज़रेगी। राहुल इस दौरान 1300 किमी की दूरी तय करेंगे। राहुल की वोट अधिकार यात्रा उनकी अब तक की पांचवी बड़ी यात्रा होगी। कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली। बर्फ और ठंड में टी शर्ट में उनका खड़े होना एक पहचान बन गई थी। उसके बाद उन्होंने मणिपुर से लेकर मुंबई तक और उसका नतीजा लोकसभा के चुनाव में दिखा। कांग्रेस की सीटें बढ़ीं। बीजेपी की सीटें कम हुई। लेकिन अब राहुल गांधी के लिए शायद सबसे बड़ी अग्निपरीक्षा शुरू हो रही है। पहले की राहुल गांधी की यात्रा को लेकर लोगों के मन में बहुत ज्यादा अपेक्षा नहीं थी। न कोई बहुत ज्यादा उम्मीद लगाए बैठा था। लोगों को लग रहा था कि राहुल कुछ नहीं कर रहे हैं तो यात्रा पर निकले हैं। लेकिन दोनों यात्राओं से राहुल गांधी की छवि बदली। कांग्रेस और उससे भी कहीं ज्यादा उनके सहयोगियों को फायदा हुआ। लोकसभा चुनाव में नतीजा भी नजर आया।



### उत्तर भारत में राहुल गांधी नरेंद्र मोदी का 'उत्तर' ढूढ़ने निकले

पिछले दिनों नेता विपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी से अपेक्षाएं बढ़ गई हैं। राहुल गांधी खास हमलावर तेवर दिखा रहे हैं। सरकार को लगातार कटघरे में खड़ा करने की कोशिश कर रहे है। वोट चोरी को सही मायनों में उन्होंने एक अखिल भारतीय मुद्दे में तब्दील कर दिया है। ऐसे में ये यात्रा क्या रंग लाती है। कांग्रेस और बिहार के गठबंधन को विधानसभा चुनाव में कैसे फायदा पहुंचाती है। 80 सीटों वाले यूपी, 48 सीटों वाले महाराष्ट्र और 42 सीटों वाले बंगाल में बीजेपी गिरी। लेकिन 40 सीटों वाले बिहार ने मोदी को बचा लिया। अगला युद्ध उसी बैटल ग्राउंड में है। जहां 90 के दशक के बाद कांग्रेस कभी उठ नहीं सकी है। राहुल जहां मोदी के साथ रेस लगाने के लिए उतरे हैं वहां की पॉलिटिकल पिक्चर पर थोड़ा नजर डालें तो। राहुल गांधी की बिहार यात्रा का मकसद बहुजन समाज को आकर्षित करना और नीतीश कुमार की जदयू व चिराग पासवान की लोजपा के वोट बैंक में सेंध लगाना है। राहुल ने जाति जनगणना, आरक्षण की सीमा हटाने, अत्याचारों को उजागर करने और धर्मनिरपेक्षता को मिलाकर एक नई पहचान गढ़ी है। वो मुकेश सहनी की वीआईपी पार्टी और दीपंकर भट्टाचार्य की सीपीआईएमएल की लाइन पर हैं।

### संभावना दिखते ही सड़क पर उतर जाते हैं राहुल

राजनीति में अपने शुरुआती दिनों में भी राहुल ने पश्चिम यूपी के भट्टा-पारसौल में भूमि अधिग्रहण के खिलाफ पदयात्रा की थी। उनकी यात्रा को तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती के लिए एक और चुनौती के रूप में देखा गया था। राज्य सरकार ने युवा सांसद को 9 जुलाई को पड़ोसी अलीगढ़ जिले में किसानों की महापंचायत की अनुमति देने से इनकार कर दिया था, जो जबरन भूमि अधिग्रहण को लेकर इसी तरह के आक्रोश का सामना कर रहे थे। मंदिर में राहुल ने ग्रामीणों से कहा था कि मैंने आज तक एक भी किसान नहीं देखा जो विकास के खिलाफ हो। मगर विकास के नाम पर आपकी जमीन चोरी हो रही है।

### देवरिया से दिल्ली तक किसान यात्रा

किसानों के मुद्दों को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने देवरिया से दिल्ली तक किसान यात्रा की। 30 दिनों के दौरान वह लगभग एक महीने में 2,500 किलोमीटर की दूरी तय किया था। राहुल देवरिया के पंचलारी गांव से अपनी यात्रा की शुरुआत की थी। यात्रा के दौरान पार्टी वर्कर्स घर-घर जाकर घरों के मुखिया से किसानों की समस्याओं के बारे में चर्चा की थी। यात्रा के लिए 250 मिनी रथ तैयार किए गए। तब यूपी में कांग्रेस ने नारा दिया था कर्जा माफ, बिजली बिल हाफ...समर्थन मूल्य का करो हिसाब।

### जहाँ मिली राहुल को 'आग जैसी ताक़त'

2015 में उन्होंने केदारनाथ की यात्रा की। इसका मकसद यह बताना था कि 2013 में आई आपदा के बाद स्थितियां सामान्य हो चुकी हैं। पैदल चलकर केदार नाथ मंदिर पहुँचे राहुल गाँधी ने कहा था कि यहाँ आकर मुझे आग जैसी शक्ति मिली है। राहुल ने कहा कि मैं मंदिर में गया, मैंने कुछ मांगा नहीं, लेकिन जब मैं मंदिर के भीतर गया तो मुझे आग जैसी शक्ति मिली। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जब ये आपदा आई तो जो यहाँ अफ़सर काम करते हैं, जिन्होंने अपना ख़ून पसीना दिया, उनके बारे में काफ़ी नकारात्मक बातें कही गईं लेकिन आपदा आने के बाद से अफ़सरों ने, सेना ने, पुलिसवालों ने बहुत अच्छा काम किया।

### पिछली यात्रा से कितनी अलग

भारत जोड़ो यात्रा से बहुत अलग है वोटर अधिकार यात्रा महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से काफी अलग है। भारत जोड़ो यात्रा में पूरा फोकस राहुल गांधी पर था। वहीं वोटर अधिकार यात्रा में महागठबंधन के नेता खासकर तेजस्वी यादव बराबरी से शामिल हैं। भारत जोड़ो यात्रा में राहुल पूरी यात्रा के दौरान पैदल चले थे। वोटर अधिकार यात्रा में राहुल जीप में रहे और आम लोगों से सीधे मिलने नहीं गए। राहुल की ये यात्रा उस समय हो रही है जब सुप्रीम कोर्ट ने विपक्ष की मांगों को स्वीकार करते हुए चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि नए ड्राफ्ट रोल में जिनके नाम हटाए गए हैं, उनकी जानकारी सार्वजनिक की जाए। बिहार में इसी साल के आखिर तक विधानसभा चुनाव होने हैं और उसके कुछ महीनों पहले जब अचानक से एसआईआऱ की प्रक्रिया शुरू हुई, तो तमाम संदेह उठने लगे।


### नए क्वेश्चन पेपर के साथ सामने आए राहुल

राहुल गांधी 7 अगस्त को सामने आए और उनके हाथों में आयोग का दिया वोटर लिस्ट लिए मीडिया को 2024 पोल डेटा का एक ऑनलाइन प्रजेंटेशन करके दिखाया। राहुल गांधी ने दावा किया कि कैसे महाराष्ट्र में पांच महीने के अंदर 1 करोड़ नए वोटर्स को जोड़ा गया। चुनाव आयोग ने पोल डेटा का सॉफ्ट कॉपी देने से मना कर दिया। कांग्रेस को पेपर सीट निकालने पड़े। जो पेपर निकला भी वो ओसीआर यानी ऑप्टिकल कैरेक्टर मशीन से निकाल सकते हैं। राहुल गांधी ने ये भी बताया कि चुनाव आयोग चाहता है कि सीसीटीवी फुटेज को खत्म कर दिया जाए। जिससे एक्ट्रा वोटर गायब हो जाए और उस पर सवाल न उठे। कांग्रेस पार्टी ने 30-40 लोग लगाकर, महीने लगाकर लाख वोट चोरी होने का खुलासा किया है। सवाल हमारे डेमोक्रेटिक फाउंडेशन का है और एक एक वोट के हक का है। ऐसे में आज हम विपक्ष के आरोपों, चुनाव आयोग के जवाब, अगर ये आरोप सही होते हैं तो इसके क्या निहितार्थ हो सकते हैं। इस दावे ने देश को चौंका दिया और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव व 2024 लोकसभा चुनाव की कुछ सीटों के नतीजों पर कांग्रेस जो संदेह जताती रही है, उसे बल मिला। जब सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया, तो माना गया कि राहुल की मेहनत रंग लाई है। इसी से यह संभावना भी टटोली गई कि क्या एक और यात्रा हो सकती है।

बीजेपी के हिंदुत्व की काट के लिए समाजवादी पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव में पीडीए (पिछड़ा, दलित, आदिवासी) फॉर्मूला लेकर आई। राहुल के सामाजिक न्याय और आरक्षण बचाओ वाले एजेंडे के साथ मिलकर अखिलेश ने काम किया और इसका सीधा फायदा सपा को नजर आया।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3629




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:

5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 3628 का हल



## हंसी के फूव्वारें

जज ने अभियुक्त से कहा-'तुम पर मोटर तेज चलाने का इल्जाम है. क्या तुम अपना इल्जाम स्वीकार करते हो?'

'जी हां, मीलार्ड, मगर ?'

'मैंने कोई अपराध नहीं किया.' अभियुक्त सफाई देते हुए बोला-'मेरी मोटर के ब्रेक खराब थे,इसलिये मैंने सोचा कि जल्दी से घर पहुँच जाऊं. कहीं ऐसा न हो कि कोई एक्सीडेंट हो जाए!'

□ □ □

एक सेठ बीमार पड़ गया.

डाक्टरों ने उसे राय दी कि वह विदेश जाकर दवा कराये तो उसने अपने मुंशी से पूछा-'मुंशी जी! विदेश जाकर दवा कराने में कितना खर्च होगा?'

'लगभग बीस हजार!'

'और क्रिया-कर्म में?'

'लगभग पांच हजार!'

'तो फिर इलाज से मरना ही ज्यादा फायदेमंद रहेगा.' सेठ ने ठण्डी सांस लेते हुए कहा.

□ □ □

रमेश ने महेश से पूछा-'जब सेब पेड़ से नीचे गिरा तो न्यूटन को बहुत आश्चर्य हुआ.'

महेश-'पागल था वह?'

रमेश-'वह कैसे?'

महेश-'आश्चर्य की बात तो तब होती जब सेब नीचे से ऊपर जाता.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 3629



**बायें से दायें:-**

१. अमोल पालेकर, जरीना की 'दो दीवाने शहर में' गीत वाली फिल्म-३
३. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली अक्षयकुमार, मधु की फिल्म-३
६. सुनीलदत्त, नूतन की 'सावन का महीना' गीत वाली फिल्म-३
७. 'ये हवाएं सर्द हैं' गीत वाली राजेश, मिथुन, शबाना की फिल्म-४
१०. फिल्म 'नरसिम्हा' में नायक कौन था-२
११. 'तुम को कितना है प्यार' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'आवाज दे कहाँ है दुनिया मेरी जवां है' की गायिका कौन थी-४
१४. 'अनपढ़' में धर्मेन्द्र की नायिका-२
१५. फिल्म 'देवदास' में 'चंद्रमुखी' कौन बनी है?-३
१६. 'दिन प्यार के आये रे' गीत वाली शेखर, कामिनी कौशल की फिल्म-२
१७. अमिताभ, शशिकपूर, शत्रुघ्न, राखी, परवीन, बिंदिया गोस्वामी की फिल्म-२
१८. शशिकपूर, जीनत की 'लैला ने भी प्यार किया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'सुना था देखा न था' गीत वाली आफताब, उर्मीला की फिल्म-२
२१. आमिर, माधुरी की 'खभे जैसी खड़ी हैं' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'ब्लैकमेल' में नायिका कौन थी?-२
२३. अक्षय, माधुरी की 'अब तेरे दिल में' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'ऊपरवाला दुखियों की' गीत वाली दिलीप, सायरा बानो की फिल्म-३
२८. प्रसिद्ध बालगीत 'आओ बच्चों तुम्हें दिखायें' किस फिल्म का हैं?-३
२९. 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली गोविंदा, नीलम की फिल्म-२
३०. प्रदीपकुमार, वैजयंती की 'जादूगर सैंया' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'आजकल पाँव जमीं पर' गीत वाली फिल्म-२
२. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली फिल्म-३
३. अक्षय कुमार, करिश्मा की 'सच कहते हैं हम' गीत वाली फिल्म-४
४. 'काली नागिन के जैसी' गीत वाली फिल्म-२
५. राज कपूर, नर्गीस की 'ये शाम की तनहाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
८. 'बात बात में रूठो ना' गीत वाली बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२
९. 'शोला और शबनम' में नायिका कौन थी-३
१०. फिल्म 'सनम बेवफा' में चांदनी के साथ नायक कौन था?-४
१२. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख शेख, पूनम की फिल्म-२
१३. संजय कपूर, शिल्पा की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'काले लिबास में बदन' गीत वाली इंद्रकुमार, आयशा की फिल्म-३
१७. जॉय मुखर्जी, सायरा की 'उड़ के पवन के संग' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'ऐ दीवाने दिल' गीत वाली अक्षय कुमार, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-३
२१. 'हाँ हाँ ये प्यार है' गीत वाली फिल्म-३
२४. फिल्म 'अंखियों से गोली मारे' की नायिका कौन है?-३
२५.'काश तुम मुझ' गीत वाली संजय, रवीना, करिश्मा की फिल्म-३
२६. 'सपने में मिलती है' गीत वाली फिल्म-२
२७. फिल्म 'भूत' में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका किसने की है?-२
२८. 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 3628



## सूडोकु -3629

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3628 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 3629



**बाएँ से दाएँ**

1.असहकार-5
4.शत्रुता,दुश्मनी-4
7.नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8.विष्णु का वाहन-3
9.मादा का विलोम-2
10.ईश्वर,शिव-4
11.संज्ञा,संबोधन-2
13.वेग,गति-3
14.महसूल,राहदरी-2
15.अंधकार,अंधेरा-3
17.कुंजी,ताली-2
19.गोलाकार-5
22.इतरता,बेगानापन-5
25.समय,वक्त-2
26.स्याही का पात्र-3
28.अच्छा,सद् पुरुष-2
29.अदृश्य-3
30.मिट्टी,धूल-2
32.नट,बाजीगरी करने वाला-4
34.टैक्स,हाथ-2
36.बोलने का तरीका-3
37.खदान-2
38.जो जायज न हो-4
39.श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**

1.तराजू डंडा,पासा-2
2.पराजित करना-3
3.बहुत लंबा -5
4.रुकना,अड़ जाना-3
5.जंगल,कानन-2
6.तीर रखने का पात्र-4
7.सार-संभाल-2,3
10.पूंजी,धन-4
12.वोट,राय-2
16.राजा,महाराजा-3
17.चतुर्थ,चौथा-2
18.हलवा-2
20.पक्षाघात-3
21.तन,देह-2
22.क्षण-2
23.स्मारक-4
24.चोर,लुटेरा-5
25.जैकी श्राफ, अनिल कपूर,किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26.टूटना,बिखरना-4
27.पानी से सराबोर-2
31.कमल,नीरज-3
33.बादलों की गड़गड़ाहट-3
35.छुट्टी,अवकाश-2
37.राख,मिट्टी-2

शब्द पहेली -3628 का हल



# यूपी ट्रेड शो में नोएडा के होंगे 15 स्टॉल

## 1 हजार वर्गमीटर एरिया किया गया रिजर्व, कारोबारियों की बनाई जा रही सूची

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के एक्सपो सेंटर में आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में नोएडा प्राधिकरण की अहम भागीदारी होगी। इस बार 15 से ज्यादा स्टॉल नोएडा इंडस्ट्री के लगाए जाएंगे। जिसमें वे अपने उत्पाद प्रस्तुत करेंगे और निवेश हासिल करेंगे।

इसके लिए तैयारी की जा रही है। इंडस्ट्री की लिस्ट भी आ चुकी है। खास ये है कि इन इंडस्ट्री की ओर बनाए जाने वाले उत्पाद आत्मनिर्भर भारत को दर्शाएंगे। इसके अलावा नोएडा प्राधिकरण का भी अपना एक स्टॉल लगेगा।



### 1000 वर्गमीटर एरिया अलॉट

जिसमें नोएडा की विकास गाथा के साथ निवेशकों के लिए प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली सहुलियत को बताया जाएगा। नोएडा के लिए इस इवेंट में फिलहाल 1000 वर्गमीटर का एरिया बुक किया गया है। इसी में इंडस्ट्री और प्राधिकरण का अपना स्टाल लगेगा। इसी तरह ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण को भी एरिया रिजर्व किया गया है। इसको लेकर हाल ही में नोएडा प्राधिकरण में एक बैठक भी की गई थी। जिसमें इवेंट को लेकर क्या तैयारियां की जा रही है। इस पर जानकारी दी गई थी।

### 15 कारोबारियों के स्टॉल फाइनल

एसीईओ संजय खत्री ने बताया कि 15 कारोबारियों की लिस्ट आ गई है। इन सभी के स्टॉल यहां लगेंगे। इस बार ट्रेड शो में करीब साढ़े चार लाख से ज्यादा लोग आने की उम्मीद है। इसके अलावा विदेश वेंडर भी यहां आएंगे। एसीईओ ने कहा– कारोबारियों का पूरा ध्यान विदेश से आर्डर हासिल करना होगा।

जिससे निर्यात को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने बताया कि नोएडा में एक्सपोर्ट कंपनियां है। ऐसे में हमारा मकसद ही यहां के कारोबारियों को ऑर्डर दिलाना होगा।

# नोएडा में दो बदमाश गिरफ्तार, बाइक चोरी कर बेचते थे

**नोएडा।** थाना फेस 1 पुलिस ने दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 02 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 15 दो पहिया वाहन जिसमें 11 मोटर साइकिल और 4 स्कूटी बरामद की गई है। इनके नाम बंटी और नसीम उर्फ कंचन है। इन दोनों को झुंडपुरा बार्डर सेक्टर-8 से गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही पर बरामद की गई बाइक नोएडा, दिल्ली एनसीआर से चोरी की गई थी।

### फैक्ट्री और कालोनियों से करते चोरी

डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि बंटी गैंग का सरगना है। ये नोएडा एनसीआर की कालोनियों, सोसाइटियों व कंपनियों से वाहन चोरी करने में माहिर है। ये दोनों पहले सेक्टर व कंपनियों के बाहर रेकी करते है। रेकी करने के बाद कंपनी, फैक्ट्री व पार्क के आस पास खड़ी बाइक व स्कूटी का लॉक तोड़कर चोरी करके ले जाते है। इसके बाद सुरक्षित स्थानों पर छिपा देते है। बाद में मौका पाकर मोटर साइकिल स्कूटी को अपने साथियों के साथ मिलकर सस्ते दामों में बेच देते है। इससे मिले पैसों से अपना खर्चा चलाते थे।

इनके लॉक तोड़े बिना भी मास्टर की के जरिए कई बाइक को ऑन कर फरार हो जाते है।

इनको लॉक तोड़ने में महज 5 से 10 सेकेंड का समय लगता है। ये बाइक को राह चलते लोगों को या कबाडियों को बेच देते है। इसमें बंटी पर 9 और नसीम पर 9 मुकदमे दर्ज है।

# शार्ट न्यूज

## ग्रेटर नोएडा में विवाहिता की मौत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक विवाहिता की मौत का मामला सामने आया है। मकनपुर बांगर गांव में 23 वर्षीय सन्नो शनिवार शाम को अपने कमरे में मृत मिली। बदोली गांव की रहने वाली सन्नो की शादी डेढ़ साल पहले मकनपुर गांव के एक युवक से हुई थी। घटना के बाद पति मृतका के मायके में सूचना देकर उसे अस्पताल ले गया। मायके पक्ष ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही पति और ससुर घर पर ताला लगाकर फरार हो गए। पुलिस ने मृतका की सास को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। शनिवार देर शाम तक मृतका के परिजनों की ओर से कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

## दहेज के लिए पत्नी को छोड़ा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक पति ने दूसरी शादी कर ली। पीड़िता के पिता मान सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मान सिंह ने अपनी बेटी यशोदा की शादी अलीगढ़ के जवां के सिकंदरपुर कोटा निवासी सचिन से की थी। शादी में उन्होंने 15 लाख रुपए खर्च किए। शादी के अगले दिन ही सचिन और उसके परिवार ने 5 लाख रुपए की अतिरिक्त मांग रख दी। विरोध करने पर यशोदा के साथ मारपीट की गई। मान सिंह ने समझाने की कोशिश की, लेकिन ससुराल वाले नहीं माने। इसके बाद यशोदा को मारपीट कर गांव के बाहर सड़क पर छोड़ दिया गया। मई महीने में सचिन ने यशोदा को फोन कर बताया कि उसने दूसरी शादी कर ली है। जब मान सिंह ने ससुराल वालों से बात करनी चाही, तो उन्होंने कहा कि अब उनकी बेटी की कोई जरूरत नहीं है। पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने पति सचिन, उसके पिता राजकुमार, मां प्रकाशी, बहनोई सुमित और बहन सपना के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पुराने विवाद को लेकर युवक पर हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अट्टा फतेहपुर गांव में एक युवक पर हमला हुआ है। पड़ोसियों ने लोहे की रॉड और तमंचे की बट से हमला किया। घायल युवक का पास के अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने पांच नामजद समेत 8 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना शुक्रवार की है। पीड़ित मुकर्रम काम के लिए घर से निकल रहा था। इसी दौरान पड़ोसियों ने पुराने विवाद को लेकर उससे गाली-गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने मिलकर उस पर हमला कर दिया। परिजन घायल मुकर्रम को अस्पताल ले गए। पीड़ित की मां रानी ने बताया कि आरोपी उनसे रंजिश रखते हैं। इसी कारण यह घटना हुई। पुलिस ने जीशान, नाजिम, फिरोज, सकावत और फरियाद समेत 8 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने कहा कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## गाजियाबाद में सिक्योरिटी गार्ड के साथ मारपीट

**लोनी।** गाजियाबाद की गोल्फ लिंक सोसाइटी में शुक्रवार देर रात मेंटेनेंस स्टाफ के साथ मारपीट की गई। स्टाफ का आरोप है कि कार पार्किंग को लेकर सोसाइटी में रहने वाले पवन, साहिल और सागर ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की। मारपीट में सिक्योरिटी गार्ड के कान का पर्दा फट गया। पीड़ित सूर्य प्रकाश में कविनगर थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। अपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन के सचिव राजेश ने कहा- रात करीब 11 बजे पवन नगर अपने बेटों के साथ सोसाइटी के गेट पर पहुंचे, तभी कार पार्किंग को लेकर गार्ड से बहस करने लगे। देखते ही देखते मारपीट शुरू कर दी। सिर्फ इतना ही नहीं गार्ड को पकड़कर मेंटेनेंस रूम ले जाकर भी मारपीट की गई। इस मारपीट में गार्ड के कान का पर्दा फट गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं, सोसाइटी के निवासियों ने भी अपनी सुरक्षा को लेकर पुलिस से सुरक्षा की मांग की है। उनका कहना है कि पुलिस गश्त सोसाइटी में बढ़ाई जाए। ये लोग आरोपी किस्म और दबंग हैं।

## गाजियाबाद में नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म

**मोदीनगर।** गाजियाबाद में मोदीनगर के भोजपुर थानाक्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। 14 वर्षीय कक्षा 10वीं की छात्रा के साथ दो युवकों ने एक बंद मकान में ले जाकर दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी छात्रा ने अपनी मां को दी। पीड़िता ने बताया कि गांव के ही गौरव और मोहित नाम के युवक उसे पानी की टंकी के पास बुलाया और ऑडियो रिकॉर्डिंग वायरल करने की धमकी दी। मार्च में इन्हीं दोनों ने उसे एक बंद मकान में ले जाकर दुष्कर्म किया था। मोहित ने दुष्कर्म किया, जबकि गौरव ने दरवाजे पर पहरा दिया। घटना के दौरान पीड़िता बेहोश हो गई थी। आरोपियों ने किसी को बताने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी थी। डर के कारण छात्रा ने यह बात किसी को नहीं बताई। अब आरोपी लगातार ब्लैकमेल कर संबंध बनाने का दबाव बना रहे हैं। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसीपी के अनुसार, छात्रा का मेडिकल कराया गया है। जल्द ही मजिस्ट्रेट के समक्ष उसके बयान दर्ज किए जाएंगे। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

## राखी पहलवान का गाजियाबाद में अनशन शुरू

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में महिला पहलवान राखी ने अपने ससुराल वालों पर बिना किसी कारण के उन्हें घर से निकालने का आरोप लगाया है। गाजियाबाद में जिला कलेक्टर के बाहर धरने और अनशन को देखते हुए स्थानीय लोग और संगठन उनके समर्थन में जुट रहे हैं। साथ में उनके मायके पक्ष के लोग भी हैं। बागपत निवासी पहलवान राखी ने गाजियाबाद के अवंतिका निवासी भुवनेश शर्मा से 13 महीने पहले शादी की। राखी ने अपने ससुराल वालों पर बिना किसी कारण के उन्हें घर से निकालने और उनके सम्मान व मेहनत का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने कहा पुलिस और प्रशासन ने उनकी मदद करने के बजाय उन्हें और उनके बुजुर्ग माता-पिता को धमकियां दी हैं। राखी पहलवान ने कहा कि जब तक उन्हें और उनके जैसी अन्य महिलाओं को पूर्ण न्याय नहीं मिलता, वे अनिश्चितकालीन धरना और आमरण अनशन जारी रखेंगी। उन्होंने कहा, यह अनशन मेरे लिए नहीं, बल्कि उन तमाम बहन-बेटियों के लिए है। जो अपने हक के लिए लड़ रही हैं। हमारी ताकत हमारी एकता में है। मेरे साथ खड़े हों, ताकि हम एक ऐसा समाज बना सकें जहां हर महिला को सम्मान, सुरक्षा और समानता मिले। एक सप्ताह पहले पीड़िता को ससुराल में घर से निकाल दिया था।

# ग्रेटर नोएडा में कार्यालय पर हमला

## तमंचे से फायरिंग करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार, 2 अवैध हथियार बरामद



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में जेवर कोतवाली पुलिस ने कार्यालय में घुसकर फायरिंग करने के मामले में शुक्रवार को 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनको पुलिस ने शनिवार को कोर्ट में पेश का जेल भेज दिया है।

आरोपियों की पहचान जगवीर उर्फ जग्गू भाटी, सौरव, गौरव उर्फ गौरी, मन्नू, धर्मवीर भाटी और करन सिंह के रूप में हुई है। पांच आरोपी करौली बांगर नगला चांदन, रबूपुरा के रहने वाले हैं। करन सिंह फरीदाबाद के नरहावली का निवासी है। पुलिस ने आरोपी करन सिंह से एक अवैध तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। गौरव उर्फ गौरी से भी एक अवैध तमंचा .315 बोर और एक जिंदा कारतूस मिला है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपियों ने उनके कार्यालय में घुसकर गाली-गलौज की। करन सिंह ने तमंचे से शिकायतकर्ता पर फायर किया, लेकिन वह बच गए।

# आइजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक संपन्न

- असंतुष्ट फीडबैक एवं डिफाल्टर श्रेणी में आने वाले विभागों के अधिकारियों को जिलाधिकारी ने शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण के दिए कड़े निर्देश



**गौतम बुद्ध नगर।** जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक संपन्न हुई, जिसमें आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की प्रगति एवं फीडबैक की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गयी।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने असंतुष्ट फीडबैक एवं डिफॉल्टर श्रेणी में आने वाले प्रकरणों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार को निर्देशित किया कि जिन विभागों में 70 प्रतिशत से अधिक असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुए हैं तथा जो विभाग डिफॉल्टर श्रेणी में दर्ज किए गए हैं, उनके संबंधित अधिकारियों का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोका जाए। साथ ही बैठक में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले विभागीय अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोका जाए एवं उनके विरुद्ध स्पष्टीकरण जारी किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा शासन स्तर पर प्रतिदिन की जाती है और उसी के आधार पर जनपद की रैंकिंग निर्धारित होती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक अधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि शिकायतकर्ता की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी अधिकारी शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता करें तथा निर्धारित समयावधि में शिकायतों का निस्तारण करें। साथ ही कहा कि प्रतिदिन अधिकारीगण अपने-अपने कार्यालय में आइजीआरएस पोर्टल की मॉनिटरिंग स्वयं करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी भू0अ0 राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडे, मुख्य कोष अधिकारी शिखा गुप्ता तथा प्राधिकरण एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ग्रेटर नोएडा में किसानों संग बैठक के बाद बनी सहमति

## 15 दिन में समस्याओं का समाधान, ईस्टर्न पेरीफेरल इंटरचेंज निर्माण को मिली हरी झंडी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में यमुना प्राधिकरण के ओएसडी ने शनिवार को इंटरचेंज से प्रभावित किसानों के साथ बैठक की। बैठक में भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के प्रदेश उपाध्यक्ष बॉबी नागर और जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा मौजूद रहे।



यमुना एक्सप्रेसवे को ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के पास इंटरचेंज का निर्माण प्रस्तावित है। प्राधिकरण की ओर से इंटरचेंज निर्माण की सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। हालांकि, किसानों को अतिरिक्त मुआवजा और आवासीय प्लॉट जैसी मांगों का समाधान नहीं मिलने के कारण वे पिछले 4 दिनों से निर्माण कार्य रोके हुए थे।

बैठक में किसानों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। अधिकारियों ने 15 दिन के भीतर सभी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस आश्वासन के बाद किसानों ने निर्माण कार्य शुरू करने की सहमति दे दी।

बैठक में जयवीर कसाना, मेरठ मंडल महासचिव रविंद्र नागर समेत कई किसान नेता और प्रभावित किसान मौजूद रहे।

## बिजली के तार लगाने का विरोध करने पर हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के हतेवा गांव में एक दंपती पर हमला हुआ है। घटना में रामकिशन और उनकी पत्नी देवकी घायल हो गए हैं। घटना उस समय हुई जब एक व्यक्ति रामकिशन के घर की छत से होकर बिजली के पोल पर तार लगा रहा था। रामकिशन ने इसका विरोध किया। इस पर आरोपी ने गालीगलौज करते हुए लोहे के पाइप से उन पर हमला कर दिया। पति को बचाने आई पत्नी देवकी पर भी आरोपी ने हमला कर दिया। दोनों घायलों को जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित रामकिशन ने बुधवार को पुलिस को शिकायत दी। लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# ग्रेटर नोएडा में मुठभेड़ में ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## एटीएम कार्ड फंसाकर करता था फ्रॉड, तमंचा और बाइक बरामद

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में पुलिस ने एटीएम धोखाधड़ी करने वाले एक बदमाश को मुठभेड़ के बाद दबोच लिया। आरोपी की पहचान सन्नी उर्फ नितेश बाबू के रूप में हुई है, जो मूल रूप से औरैया का रहने वाला है और इन दिनों गौतमबुद्धनगर के मामूरा में रहता है।

बीती रात इकोटेक-3 थाना पुलिस याम्हा कट पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार सन्नी को रुकने का इशारा किया गया। वह भागने की कोशिश में गिर पड़ा और घिरता देख पुलिस पर फायर कर दिया।

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया और गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के पास से .315 बोर का तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और तीन एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।

एटीएम धोखाधड़ी का तरीका सन्नी एटीएम मशीन में कार्ड डालने वाली जगह पर फेविकोल चिपका देता था। कार्ड फंसने पर उसके साथी सुमित और संजय पीड़ित को नकली हेल्पलाइन नंबर देते थे। सन्नी फोन पर पीड़ित से पिन नंबर पूछता और बैंक जाने को कहता। जैसे ही पीड़ित बैंक पहुंचता, उसके साथी प्लास से कार्ड निकालकर खाते से पैसे उड़ा लेते थे। सुमित और संजय पहले ही पकड़े जा चुके हैं और जेल में बंद हैं, जबकि सन्नी अब पुलिस की गिरफ्त में है।

# नोएडा में निवेश के बहाने कोरियाई से ठगे 90 लाख

**शेयर बजार में पैसा लगवाया , ऐप पर मुनाफा दिखाया, निकालने के लिए बोलते कर दिया आउट**

**नोएडा।** शेयर बाजार और विभिन्न कंपनियों में निवेश कर प्रतिमाह लाखों रुपए का मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर अपराधियों ने ग्रेटर नोएडा में रेस्त्रां चलाने वाले दक्षिणी कोरिया के नागरिक के साथ 90 लाख रुपए की ठगी कर ली।

पीड़ित पर जब ठग और रकम निवेश करने का दबाव बनाने लगे तब उसे ठगी की जानकारी हुई। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सोशल मीडिया पर मिला मैसेज

दक्षिणी कोरिया निवासी सांग सू काफी लंबे समय से भारत में रह रहे हैं। वह ग्रेटर नोएडा में कोरियन रेस्त्रां चलाते हैं।

उनके परिवार के कई अन्य सदस्य भी जिले में ही रह रहे हैं। कुछ समय पहले सांगसू को सोशल मीडिया के माध्यम से एक मैसेज मिला। इसमें निवेश पर कम समय में दो से तीन गुना मुनाफा कमाने की बात कही गई। जब उन्होंने इसमें रुचि दिखाई तो ठगों ने उन्हें एक वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ लिया। इसमें कई अन्य सदस्य पहले से ही जुड़े हुए थे, जो लगातार मुनाफे का स्क्रीनशॉट साझा कर रहे थे।

### ग्रुप में मिलती थी कंपनियों की जानकारी

ग्रुप में एक व्यक्ति रोजाना स्टॉक और विभिन्न कंपनियों के बारे में जानकारी दे रहा था।

उसकी बताई कंपनियों और स्टॉक में निवेश करने पर ग्रुप के लोगों को लगातार मुनाफा हो रहा था। शुरुआती चरण में कोरियाई नागरिक ने जब निवेश किया तो उसे मुनाफा हुआ। साथ ही ठगों ने उसे मुनाफे समेत रकम निकालने की अनुमति भी दे दी। ठगों के जाल में फंसने के बाद मुनाफे के चक्कर में पीड़ित ने कई बार में 90 लाख रुपए ठगों द्वारा बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए। मुनाफे समेत यह रकम कई करोड़ रुपए की हो गई। इस दौरान ठगों ने पीड़ित से एक ऐप भी डाउनलोड कराया। इसमें उसकी रकम मुनाफे समेत बढ़ती हुई दिख रही थी। पीड़ित ने रकम पांच अगस्त से 16 अगस्त के बीच में ट्रांसफर की ।

# सुपरनोवा बिल्डिंग की 32वीं मंजिल से कूदा युवक, मौत

## फ्लैट में गर्लफ्रेंड के साथ रुका था, परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी

**नोएडा।** संदिग्ध हालत में सुपरनोवा बिल्डिंग से गिरकर एक रिटायर्ड आईआरएस अधिकारी के बेटे की मौत हो गई। दिल्ली के हौज खास निवासी 23 साल का रवि, लॉ स्टूडेंट था। उसका शव नोएडा की सुपरनोवा बिल्डिंग के नीचे बरामद हुआ। प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि उसने 32वें फ्लोर से कूदकर आत्महत्या की। शव बरामद होने के बाद पोस्टमॉर्टम कराया गया और फिर परिवार को सौंप दिया गया। इस मामले की आगे की जांच दिल्ली पुलिस कर रही है।

### 20 अगस्त से लापता था

जानकारी के अनुसार, रवि 20 अगस्त से लापता था और उसके परिवार ने हौज खास थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

पुलिस जांच में सामने आया कि रवि का घर पर किसी विवाद के बाद निकलना हुआ था। उसी दिन वह सुपरनोवा बिल्डिंग पहुंचा था और अपनी एक महिला मित्र के साथ रेंट पर लिए स्टूडियो में गया था। कुछ घंटों बाद उसकी मित्र वहां से चली गई, जबकि रवि वहीं रुका रहा। इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला।

### निर्माणाधीन एरिया में मिला शव

शुक्रवार को नोएडा पुलिस को सूचना मिली कि बिल्डिंग के नीचे शव पड़ा है।

मौके पर पहुंचकर पुलिस ने पड़ताल की और दिल्ली पुलिस को जानकारी दी। जहां शव मिला, वहां घास और निर्माणाधीन क्षेत्र था, जिससे शव पहले नजर नहीं आया। पुलिस को जब सूचना मिली तो उसने जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज में रवि को 32वें फ्लोर तक जाते हुए देखा गया है। इसके बाद उसका कोई सुराग नहीं मिला।

प्राथमिक जांच में देर रात घटना होने की आशंका जताई गई है। पुलिस ने इस मामले में उसकी महिला मित्र से भी पूछताछ की है। अधिकारियों का कहना है कि पारिवारिक विवाद की बात सामने आई है, हालांकि इसकी वजह साफ नहीं है। चूंकि केस दिल्ली में दर्ज है, इसलिए अब आगे की जांच वहीं से होगी।

# ग्रेटर नोएडा की सोसाइटी में फिर लिफ्ट अटकी

**गौतम बुद्ध नगर।** सूरजपुर थाना क्षेत्र स्थित पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट सोसाइटी में लिफ्ट अटकने की घटना सामने आई है। सोसाइटी की लिफ्ट चौथी मंजिल पर अचानक रुक गई। इसमें कई लोग फंस गए। लिफ्ट में फंसे लोगों को तत्काल मदद नहीं मिल सकी। मेंटेनेंस विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। करीब 30 मिनट तक लोग लिफ्ट में फंसे रहे। इसके बाद अन्य निवासियों ने मिलकर लिफ्ट को खोला और फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वीडियो में लिफ्ट में फंसे लोगों की परेशानी साफ देखी जा सकती है। सोसाइटी के निवासियों का कहना है कि लिफ्ट की नियमित जांच और रखरखाव की जरूरत है। इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं।

# दहेज हत्या में पीड़िता के परिजनों का थाने पर प्रदर्शन

## 35 लाख मांगने वाले पति समेत 3 आरोपी अभी भी फरार, एक गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** दादरी की रहने वाली निक्की की दहेज हत्या मामले में परिजनों ने कासना थाने का घेराव किया। उन्होंने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

निक्की और उसकी बहन कंचन की शादी कासना थाना क्षेत्र के सिरसा में हुई थी। परिजनों के अनुसार, शादी के बाद से ही ससुराल वाले 35 लाख रुपए दहेज की मांग कर रहे थे। वे निक्की के साथ आए दिन मारपीट करते थे।



21 अगस्त को आरोपियों ने निक्की के साथ मारपीट की और उस पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

निक्की की बहन कंचन की शिकायत पर पुलिस ने पति विपिन समेत चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बाकी तीन आरोपियों की तलाश जारी है।

मामले में एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें निक्की का 6 वर्षीय बेटा बता रहा है कि उसके पिता ने लाइटर से उसकी मां को आग लगाई। परिजन आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग कर रहे हैं।

# कुख्यात इनामी शंकर कन्नौजिया ढेर

## आजमगढ़ में एसटीएफ ने एनकाउंटर में मार गिराया, 14 साल से फरार था


शंकर कन्नौजिया, मृतक

### कार्बाइन, पिस्टल और खुखरी बरामद

शंकर के पास से 9 मीमी की कार्बाइन, 9 मीमी की पिस्टल, खुखरी और भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुआ है। शंकर ने 2011 में मऊ के दोहरीघाट में लूट के दौरान विंध्याचल पांडेय की गला काटकर हत्या की थी। इसके बाद से वह फरार था। फरारी के दौरान कई वारदातों में उसका नाम आया, लेकिन पुलिस की पकड़ से बाहर रहा। जुलाई, 2024 में आजमगढ़ के महाराजगंज में शैलेंद्र सिंह नाम के व्यक्ति का अपहरण के बाद सिर धड़ से अलग करके हत्या में भी कन्नौजिया वांटेड था। इसके बाद 17 सितंबर 2024 को वाराणसी एडीजी पीयूष मोर्डिया ने शंकर कन्नौजिया पर 1 लाख का इनाम घोषित किया था। तब से उसकी तलाश थी।

**आजमगढ़।** आजमगढ़ में एक लाख के इनामी कुख्यात बदमाश शंकर कन्नौजिया को एसटीएफ ने एनकाउंटर में मार गिराया। कन्नौजिया 14 साल से फरार था। उस पर हत्या और अपहरण के कई मुकदमे थे। हत्या के बाद लाश का सिर भी काट देता था।

शनिवार सुबह 4.30 बजे एसटीएफ को सूचना मिली कि आजमगढ़-मऊ जिले के बॉर्डर पर एक बड़ा अपराधी किसी वारदात को अंजाम देने वाला है।

इसके बाद एसटीएफ और पुलिस की एसओजी टीम ने चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान जहानागंज थाना के नरेहता मोड़ पर एक बाइक से दो संदिग्ध आते हुए नजर आए।

एसटीएफ ने बाइक को रुकने का इशारा किया तो आरोपी ने कार्बाइन से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। एसटीएफ और एसओजी ने भी जवाबी फायरिंग की।

इसमें एक बदमाश को गोली लग गई। वह जमीन पर गिर गया। जबकि बाइक सवार दूसरा बदमाश मौके से भाग गया।

एसटीएफ आरोपी को मेडिकल कॉलेज ले गई। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त शंकर कनौजिया पुत्र लालचंद कन्नौजिया के रूप में हुई। आजमगढ़ के थाना रौनापार के हाजीपुर गांव का रहने वाला था। पुलिस ने शंकर कन्नौजिया के भाई को जीयनपुर थाना बुलाया है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव भाई को सौंपा जाएगा।

## शारदा नदी का जलस्तर बढ़ा हजारा गांव में घुसा बाढ़ का पानी ग्रामीणों में फैली दहशत



**हजारा( पूरनपुर )।** ट्रांस शारदा क्षेत्र में शारदा नदी का जलस्तर बढ़ जाने से हजारा गांव में बाढ़ का पानी घुस गया है और गांव के चारों तरफ मार्गों पर बाढ़ का पानी भर जाने से ग्रामीणों के सामने समस्या खड़ी हो गई है। पूरनपुर तहसील के ट्रांस शारदा क्षेत्र की शारदा नदी का जलस्तर बढ़ जाने से हजारा गांव व शास्त्री नगर गांव के निचले हिस्सों में और घरों में बाढ़ का पानी घुस गया है साथ ही हजारा गांव से शास्त्री नगर टिब्भा गांव व हजारा से पेंटून पुल धनाराघाट खड़ंजा मार्ग पर बाढ़ का पानी भर गया है और गांव के चारों ओर निचले भागों में बाढ़ का पानी भर जाने से ग्रामीणों के सामने अवागमन की समस्याएं खड़ी हो गई है और बाढ़ के कारण मार्ग बंद हो गया है। बाढ़ का पानी ग्रामीणों के पशुशाला सहित घरों में घुस जाने से ग्रामीणों के सामने पशुओं के चारा आदि की भी समस्या खड़ी हो गई है ।उधर शास्त्री नगर गांव के ग्राम प्रधान मनोज सिंह ने बताया है कि शारदा नदी कटान करते हुए गांव के निकट नाले में आ गई है जिस कारण शारदा नदी का पानी जैसे ही बढ़ता है तो शारदा नदी का पानी बाढ़ का रुप धारण कर गांव में घुस कर बहने लग रहा है जिस कारण ग्रामीण काफी भयभीत एवं सहमें हुए हैं।

## शार्ट न्यूज

### थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी ने सुनीं शिकायतें



**पीलीभीत।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को थाना न्यूरिया में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी ने सभी मामलों का गंभीरता से संज्ञान लिया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए ।उन्होंने विशेष रूप से आपसी विवादों से संबंधित शिकायतों के समाधान पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित की जाए। यह टीम मौके पर जाकर दोनों पक्षों को बुलाकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करे। उन्होंने थानाध्यक्ष को चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी शिकायत अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहनी चाहिए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि आईजीआर पोर्टल पर दर्ज होने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण अनिवार्य रूप से किया जाए ताकि आमजन को राहत मिल सके ।इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, थानाध्यक्ष न्यूरिया, लेखपाल और अन्य पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहे।

### डीएम-एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनी फरियाद



**ललितपुर।** थाना समाधान दिवस पर डीएम और एसपी ने कोतवाली सदर में पहुंचकर जन सुनवाई की। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। शनिवार को थाना दिवस में जिलाधिकारी अमनदीप डुली द्वारा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए तथा मौके पर जाकर जांचोपरान्त शिकायत का समाधान किया जाये। जिलाधिकारी द्वारा थाना समाधान दिवस के रजिस्टर में दर्ज शिकायतों की निस्तारण जांच आख्या की समीक्षा भी की गयी और लंबित सभी प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। एसपी मो0 मुश्ताक ने पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के साथ शिकायतों के निस्तारण को लेकर निर्देश दिए गए। इस दौरान सदर क्षेत्राधिकारी अजय कुमार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत

**उन्नाव।** उन्नाव के बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के मांडापुर मार्ग पर मुझैया गांव के पास शनिवार शाम को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। चहलहा गांव के रामू (32) की मौके पर मौत हो गई। मुंडेरा गांव के संजीव (35) और कपिल देव (25) गंभीर रूप से घायल हुए। दोनों का इलाज लखनऊ ट्रामा सेंटर में चल रहा है। हादसे के समय किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से बांगरमऊ सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने रामू को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार घायलों की स्थिति नाजुक है। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### झांसी में 11वीं की छात्रा ने सुसाइड किया

**झांसी।** झांसी में 11वीं कक्षा की छात्रा ने सुसाइड कर लिया। पिता का आरोप है कि बेटी घर पर अकेली थी। तभी पड़ोसी घर में घुस गया और छेड़छाड़ की। जब पत्नी घर पर पहुंची तो आरोपी भाग गया। इसके बाद बेटी ने जहर खा लिया। उसे मेडिकल कॉलेज लेकर आए। यहां पर डॉक्टरों ने बेटी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरा मामला ककरवई थाना क्षेत्र के एक गांव का है। ककरबई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक ने बताया कि मेरी 17 साल की बेटी प्राइवेट स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ती थी। शुक्रवार को मैं और मेरी पत्नी खेत पर गए थे। बेटी और दो साल का बेटा घर पर अकेले थे। 14 साल का बेटा स्कूल गया था। तभी पीछे से पड़ोस का एक युवक घर के अंदर घुस गया। शाम करीब 5 बजे पत्नी घर पर पहुंची तो आरोपी बेटी के साथ छेड़छाड़ कर रहा था।

### सीतापुर में सड़क पर गिरकर किसान की मौत

**सीतापुर।** सीतापुर के बिसवां में खाद की किल्लत का एक गंभीर मामला सामने आया है। साधन सहकारी समिति लिमिटेड से यूरिया खाद लेने आए एक किसान की वापसी के दौरान मौत हो गई। थाना सकरन क्षेत्र के किरतापुर गांव के रहने वाले ओमप्रकाश (50) पुरैनी स्थित साधन सहकारी समिति से यूरिया लेने आए थे। सुबह 10 बजे से लाइन में लगने के बावजूद उन्हें खाद नहीं मिली। शाम 6 बजे वह खाली हाथ घर लौट रहे थे। बिसवां-जहांगीराबाद मार्ग पर प्रधान ढाबा के पास ओमप्रकाश अचानक गिर पड़े। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। परिजन शव को घर ले गए। परिवार के सदस्यों ने बताया कि ओमप्रकाश पिछले 15 दिनों से खाद के लिए चक्कर लगा रहे थे। थाना प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा के अनुसार प्रथम दृष्टया यह प्राकृतिक मौत का मामला लग रहा है। परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं। पुलिस ने मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### खाना परोसने में लेट होने पर पत्नी की हत्या

**बाराबंकी।** बाराबंकी में खाना परोसने में देर होने पर पति ने पत्नी की हत्या की दी। उसने पहले जमकर पीटा। फिर लोहे की फुंकनी से सिर पर कई वार किया। जब महिला ने दम तोड़ दिया, तो पति फरार हो गया। परिजन शोर सुनकर मौके पर पहुंचे। महिला का लहूलुहान शव देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। परिजनों और आस-पड़ोस के लोगों से पूछताछ की। महिला के भाई ने आरोप लगाया है कि बहन को ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। मामला बड्डुपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मल्हूपुर मजरे सलेमपुर का है।

# मां ने तीन बच्चों समेत जहर खाया, तीन की मौत

**सतना।** मध्यप्रदेश सीमा से लगे उत्तरप्रदेश के इटवां डुडैला गांव में शनिवार शाम को एक मां ने अपने तीन बच्चों समेत जहर खा लिया। गंभीर हालत में चारों को सतना के मझगवां अस्पताल लाया गया। यहां एक बेटी ने दम तोड़ दिया।

मां और दो बच्चों को प्राथमिक इलाज के बाद सतना जिला अस्पताल रेफर किया गया। रास्ते में मां और दूसरी बेटी ने भी दम तोड़ दिया।

वहीं एक बेटे को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में मां झुमकी (32), बेटी बुलबुल (1) और चंद्रमा (3) शामिल है। वहीं दीपचंद्र (4) की हालत गंभीर है।

पति बब्बू यादव ने बताया कि पत्नी गुटखा खाती थी। मैंने इसी बात के लिए उसे डांट दिया। मैंने उससे कहा था कि अब बच्चे बड़े हो रहे हैं। उन पर गलत असर पड़ेगा। इसलिए इसे छोड़ दो, मैं इसके लिए रुपए नहीं दूंगा।

इतना कहकर मैं काम पर चला गया था। घर लौटा तो बच्चों को पेट में तकलीफ हो रही थी।

# नौगवां चौराहा बना विवाद का अड्डा, रोडवेज बनाम ईको चालक आमने-सामने

## पुलिस की कार्रवाई से भड़के चालक, किया प्रदर्शन



**पीलीभीत।** शहर का नौगवां चौराहा इन दिनों अवैध डग्गामार वाहनों के संचालन को लेकर जंग का मैदान बना हुआ है। रोडवेज के चालक-परिचालक जहां ईको और अन्य डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, वहीं पुलिस की कार्रवाई से भड़के ईको चालक अब सड़क पर उतर आए हैं। शनिवार को सुनगढ़ी थाने के बाहर ईको चालकों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस पर प्रताड़ित करने का आरोप जड़ दिया।

पुलिस की दबिश में कई ईको वाहनों के चालान काटे गए, जिसके बाद माहौल गर्मा गया। बेकाबू होते हालात को संभालने के लिए सुनगढ़ी इंस्पेक्टर को खुद मैदान में उतरना पड़ा और नाराज ईको चालकों से बातचीत कर मामला शांत कराना पड़ा। फिलहाल इस टकराव के स्थायी समाधान के लिए सोमवार को बैठक बुलाई गई है।

रोडवेज चालक-परिचालकों का कहना है कि नौगवां चौराहा से अवैध तरीके से ईको और अन्य डग्गामार वाहनों का संचालन लगातार जारी है। इससे रोडवेज की सवारियां बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। नतीजतन आय पर असर पड़ रहा है और उनकी तनख्वाह में भी कटौती हो रही है। रोडवेज कर्मियों ने साफ चेतावनी दी है कि जब तक डग्गामार वाहनों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा।

दूसरी ओर, ईको चालकों का कहना है कि उन्हें रोजी-रोटी के नाम पर प्रताड़ित किया जा रहा है। पुलिस बेवजह चालान काट रही है और उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। विरोध जताते हुए उन्होंने साफ कहा कि अगर उत्पीड़न नहीं रुका तो वे भी आंदोलन की राह अपनाने को मजबूर होंगे ।पिछले कई दिनों से यह विवाद सुलग रहा है। कभी रोडवेज कर्मचारी जुलूस निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंप रहे हैं, तो कभी ईको चालक थाने के बाहर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रशासन की ढुलमुल कार्यप्रणाली के चलते मामला शांत होने के बजाय और गरमाता जा रहा है।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष निवारण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यशाला आयोजित

## जिलाधिकारी बोले - छोटे-छोटे प्रयास बचा सकते हैं भविष्य




**पीलीभीत।** ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौती पर चिंता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी हर व्यक्ति की है, विशेषकर बच्चों और युवाओं की। वे शनिवार को गांधी स्टेडियम प्रेक्षागृह में आयोजित मानव-वन्यजीव संघर्ष निवारण एवं पर्यावरण जागरूकता/संवेदीकरण कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे ।उन्होंने कहा कि पूरे देश में वनाच्छादन 33 प्रतिशत होना चाहिए, जबकि पीलीभीत में यह केवल 20 प्रतिशत है। इस लक्ष्य को पाने के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। जिलाधिकारी ने इको क्लब के बच्चों से आह्वान किया कि वे अपने जन्मदिन, माता-पिता की वैवाहिक वर्षगांठ और अन्य अवसरों पर पौधारोपण करें। साथ ही, विद्यालय से टीसी लेने वाले बच्चों से एक पौधा गमले सहित मंगाने की पहल शुरू करने का सुझाव भी दिया ।पीलीभीत टाइगर रिजर्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बाघ और मनुष्य के बीच संघर्ष के बजाय सह-अस्तित्व की अवधारणा को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने कहा कि इको क्लब द्वारा किए गए अच्छे कार्यों को वे व्यक्तिगत रूप से जाकर सम्मानित करेंगे ।कार्यक्रम का शुभारंभ एसकेजेपी इंटर कॉलेज की छात्राओं पूजा और नेहा सैनी द्वारा प्रस्तुत पर्यावरण गीतों से हुआ। अतिथियों का स्वागत वन एवं वन्यजीव प्रभाग के प्रभागीय निदेशक भरत कुमार डीके ने तुलसी का पौधा भेंट कर किया। इको क्लब के नोडल अधिकारी एवं पर्यावरणविद् टीएच खान ने क्लब की गतिविधियों पर प्रकाश डाला ।पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने वहां पाई जाने वाली प्रजातियों की जानकारी दी। प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार ने बच्चों की भूमिका की सराहना की। विश्व प्रकृति निधि के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार ने वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण पर व्याख्यान दिया ।इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, शोभा वर्मा, अरविंद पाल, उमाकांत, पर्यावरण कार्यकर्ता अशोक शर्मा सहित कई शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने अपने विचार रखे। जिलाधिकारी ने विश्व बाघ दिवस पर आयोजित भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया ।बाघ एक्सप्रेस टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मानव-वन्यजीव संघर्ष निवारण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन वन्यजीव जैव विविधता संरक्षण समिति के महासचिव डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में जीव विज्ञानी आलोक कुमार, प्रमोद कुमार, डिप्टी रेंजर शेर सिंह, वन दरोगा नवीन सिंह बोरा, वन रक्षक रीतू और प्रिंसी, WWF के राहुल कुमार, राजेंद्र कुमार, प्रेमचंद्र, निखिल और बाघ मित्र राजीव का विशेष योगदान रहा।

# 'गुणदोष के आधार पर करें निस्तारण' : एसडीएम

## समाधान दिवस में मौजूद रहे जिम्मेदार



विशाल इण्डिया पूनम तिवारी

**अंबेडकर नगर।** जिले के महरुआ थाना परिसर में शनिवार को एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह अध्यक्षता तथा महरुआ थाना अध्यक्ष यादवेंद्र सोनकर के संचालन थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया ।संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह व महरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी राजस्व कर्मी मौके पर मौजूद रहे ।इस दौरान महरुआ थाना परिसर अंतर्गत आए हुए पीड़ितों की फरियाद को एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जल्द ही मामले का निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया।

समाधान दिवस में कुल चार शिकायतें आई थी जिनमें से एक शिकायत का तत्काल निस्तारण करते हुए शेष बची हुई शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यह निर्देश दिया कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण तथा शीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए।

# डीआईजी ने थाना समाधान दिवस मे सुनी समस्याएं




### डीआईजी ने नवाबाद थानें का निरीक्षण कर शान्ति, कानून व्यवस्था बनाये रखने, थाना स्तर की तैयारियों का लिया जायज

**ललितपुर।** झांसी मडलायुक्त झाँसी विमल कुमार दुबे एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी केशव कुमार चौधरी महोदय द्वारा जनपद झाँसी के थाना नवाबाद में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचकर मौके पर मौजूद फरियादियों की समस्याओं को सुना गया व उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गये।

इसके उपरान्त थाना परिसर की साफ सफाई, कार्यालय, पत्रावलियां, रजिस्टरों आदि को चेक किया गया तथा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत शान्ति एवं कानून व्यवस्था अक्षुण्ण बनाये रखने हेतु थाना स्तर की तैयारियों का जायजा लिया गया व थाना क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों से वार्ता कर अनैतिक कार्य/गतिविधि एवं छोटी से छोटी घटना की जानकारी देने हेतु निर्देशित किया गया। तदोपरान्त डीआईजी द्वारा थाना परिसर व कार्यालयों का निरीक्षण कर थाना परिसर की साफ सफाई, कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, CCTNS कक्ष, मालखाना आदि को चेक किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला उत्पीड़न रजिस्टर, सहित अन्य अभिलेखों/पत्रावलियों का अवलोकन कर अभिलेखों को अध्यावधिक रखने के निर्देश दिये गये तथा महिला सम्बन्धी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने तथा शिकायत के सम्बन्ध में थाना प्रभारी के द्वारा फीडबैक लेने के निर्देश दिए गए।

# जहाँ जिज्ञासा है, वहीं भविष्य की जीत है : डॉ. विकास गुप्ता 'जीत'

## गाँव के बच्चों ने विज्ञान से रची भविष्य की उड़ान



**ललितपुर।** रघुनाथपुरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर हुंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन एवं अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में पूर्व माध्यमिक विद्यालय रघुनाथपुरा में विज्ञान मेले का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी जखौरा भुवनेन्दु अरजरिया के निर्देशन तथा गेटेम्बे फाउंडेशन (ग्लोबल एमपावरमेंट टीम मिशन बेटियां) के संस्थापक डॉ. विकास गुप्ता जीत के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। विद्यालय परिसर बच्चों की उमंग, विज्ञान मॉडल्स की प्रदर्शनी और शिक्षा की रोशनी से जगमगा रहा था। छोटे-छोटे गाँव के बच्चों ने जब अपने बनाए मॉडल्स प्रस्तुत किए तो उपस्थित जनसमूह को यह महसूस हुआ कि भविष्य सचमुच इन बच्चों के हाथों में है। शुभारंभ और वातावरण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर एवं माँ सरस्वती कि मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया। दीप की ज्योति ने ज्ञान और विज्ञान की उस शक्ति का संदेश दिया, जो अंधकार को मिटाकर बच्चों के भविष्य को आलोकित करती है ।प्रशिक्षण और बच्चों की रचनात्मकता। अगस्त्य फाउंडेशन के प्रोजेक्ट इंचार्ज संजीव पटेल ने विद्यार्थियों को मानव शरीर, कंकाल तंत्र, माइक्रोस्कोप, सीजन मॉडल सहित 25 विज्ञान मॉडल्स और गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण के आधार पर कुल 33 विद्यार्थियों ने अपने मॉडल्स के साथ प्रतिभाग किया। जब इन बच्चों ने अपने मॉडल्स प्रस्तुत किए तो उनकी आँखों में आत्मविश्वास और चेहरे पर उत्साह साफ झलक रहा था। लगभग 470 विद्यार्थी और शिक्षक इस प्रदर्शनी के साक्षी बने, जिन्होंने बच्चों के हुनर को खुलकर सराहा। बच्चों की मेहनत से बने मॉडल्स ने यह साबित कर दिया कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं या किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन के हर पहलू से जुड़ा हुआ है। विज्ञान मेले का महत्व ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में इस प्रकार के आयोजन बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को सामने लाते हैं।

## महराजगंज में शराबी युवक सड़क पर लेटा

**महराजगंज।** महराजगंज में शनिवार शाम करीब 7 बजे एक अजीब घटना सामने आई। सदर कोतवाली के पास महराजगंज-फरेन्दा मुख्य मार्ग पर एक शराबी व्यक्ति नशे की हालत में बीच सड़क पर लेट गया। इस घटना से सड़क पर वाहनों की आवाजाही रुक गई। शाम का समय होने के कारण पहले से ही सड़क पर वाहनों की संख्या अधिक थी। ऐसे में जाम की स्थिति बनने लगी। मौके पर तैनात यातायात पुलिस के कांस्टेबल उपेंद्र कुमार गौड़ ने तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने शराबी व्यक्ति को सड़क से हटाकर किनारे किया। इसके बाद रुके हुए वाहनों को निकलने का रास्ता दिया। कांस्टेबल की सूझबूझ भरी कार्रवाई से न केवल जाम की स्थिति से बचा गया, बल्कि एक संभावित सड़क हादसा भी टल गया। वहां मौजूद वाहन चालकों और राहगीरों ने कांस्टेबल उपेंद्र कुमार गौड़ की तत्परता की सराहना की।

# कानून और टेक्नोलॉजी पर अंतर्राट्रीय सम्मेलन खत्म



कानपुर। कानपुर के छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हुआ। यह सम्मेलन अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज में आयोजित किया गया। इसमें कानून, प्रौद्योगिकी और समाज के उभरते मुद्दों पर चर्चा हुई।

23 अगस्त 2025 को सम्मेलन के दूसरे दिन ऑनलाइन सत्र आयोजित किए गए। इनमें डेटा सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। डिजिटल अर्थव्यवस्था में बौद्धिक संपदा अधिकार और डिजिटल गवर्नेंस पर भी चर्चा की गई। सत्रों की अध्यक्षता चेन्नई के सविथा स्कूल ऑफ लॉ के प्रो. वेणु गोपाल और लखनऊ के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के डॉ. अमनदीप सिंह ने की। समापन सत्र में धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति प्रो. मनोज कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि रहे। विद्यालय के निदेशक डॉ. पंकज द्विवेदी ने कानून और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई। सम्मेलन में कुल 128 शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### बस-एम्बुलेंस की टक्कर में छह लोगों की मौत, मुख्यमंत्री मरियम ने जताया शोक

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के रहीम यार खान जिले में एक यात्री बस और एम्बुलेंस की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में चार रेस्क्यू कर्मी शामिल हैं। गुरुवार को हादसा तब हुआ जब बस ने एक मोटरसाइकिल को बचाने की कोशिश में सामने से आ रही रेस्क्यू वाली गाड़ी 1122 एम्बुलेंस को टक्कर मार दी। चार रेस्क्यू कर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हुए। दो घायलों की हालत गंभीर है। पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज़ ने हादसे पर दुख जताया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की।

### डेल्टा और यूनाइटेड एयरलाइंस पर धोखा देने का केस

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** इस हफ्ते न्यूयॉर्क और सैन फ्रांसिस्को में डेल्टा एयरलाइंस और यूनाइटेड एयरलाइंस के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इन कंपनियों पर आरोप है कि उन्होंने खिड़की वाली सीट बताकर यात्रियों से ज्यादा पैसे वसूले, जबकि कई सीटों के पास खिड़की थी ही नहीं सिर्फ दीवार थी। यह मुकदमे न्यूयॉर्क की एक कानून फर्म ने दर्ज किए हैं और ये सामूहिक मुकदमे हैं, यानी कोई भी यात्री जिसने ऐसी सीट बुक की हो, इस केस का हिस्सा बन सकता है। कानून फर्म ने कहा कि हमें बहुत सारे लोगों ने संपर्क किया है जो खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं और इस केस से जुड़ना चाहते हैं। जब लोग खिड़की के लिए पैसे देते हैं, तो उन्हें खिड़की मिलनी भी चाहिए। डेल्टा और यूनाइटेड दोनों एयरलाइंस ने मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है क्योंकि केस कोर्ट में चल रहा है।

### शट्टा वेले अमेरिकी धोखाधड़ी केस की जांच में गिरफ्तार, बाद में मिली जमानत

**अक्रा, एजेंसी।** घाना के मशहूर सिंगर शट्टा वेले को अमेरिका में चल रहे एक धोखाधड़ी मामले से जुड़े जांच के सिलसिले में हिरासत में लिया गया। यह मामला उनकी 2019 मॉडल की लग्जरी कार लेम्बोर्गिनी उरुस से जुड़ा हुआ है। घाना की आर्थिक और संगठित अपराध कार्यालय ने बताया कि शट्टा वेले खुद बुधवार को पूछताछ के लिए पेश हुए थे। यह पूछताछ अमेरिका सरकार की ओर से आए अनुरोध पर हो रही है। उन्हें गुरुवार को जमानत पर छोड़ दिया गया। जांच एक 4 मिलियन डॉलर (करीब 33 करोड़ रुपये) की धोखाधड़ी से जुड़ी है, जो अमेरिका में कुछ घानावासियों द्वारा की गई थी। इस धोखाधड़ी में कमाई गई रकम से खरीदी गई चीजों का पता लगाया जा रहा है। इस केस का मुख्य आरोपी नाना क्वाबेना अमुआह है, जिसे 2023 में अमेरिका की अदालत ने 7 साल की सजा दी थी। उस पर आरोप था कि उसने लेक्सिंगटन, केंटकी शहर को गैर-लाभकारी संगठनों के नाम पर धोखा देकर पैसे ठग लिए।

### फलस्तीनी गुटों ने हथियार सौंपने की प्रक्रिया शुरू की, लेबनानी सेना को सौंपी पहली खेप

**बेरूत , एजेंसी।** बेरूत के पास एक फलस्तीनी शरणार्थी कैंप में मौजूद कुछ फलस्तीनी गुटों ने गुरुवार को अपने पास रखे हथियार लेबनानी सेना को सौंपने की शुरुआत की। यह कदम उन योजनाओं का हिस्सा है जो तीन महीने पहले घोषित की गई थी, जिसके तहत इन कैंपों से हथियार हटाए जाने हैं। पहले दिन एक छोटी सी शुरुआत हुई, एक पिकअप ट्रक कैंप से निकला जिसमें बैगों में बंद हथियार रखे थे। कुछ बैगों से मशीन गनों के पिछले हिस्से और रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड्स झांकते हुए दिखाई दिए। इस योजना की घोषणा मई में उस समय हुई थी जब फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने लेबनान का दौरा किया था। उन्होंने और लेबनान के राष्ट्रपति जोसफ आउन ने मिलकर कहा था कि हथियारों का नियंत्रण अब लेबनानी सरकार के पास होगा। लेकिन अभी तक सभी फलस्तीनी गुट इस फैसले से सहमत नहीं हैं। हमास और उससे जुड़े गुट पैलेस्टीनियन इस्लामिक जिहाद ने इस पर कोई सीधी प्रतिक्रिया नहीं दी है। हमास की ओर से एक बयान आया जिसमें कहा गया कि गुरुवार को हथियार सौंपना फतह संगठन का आंतरिक मामला है और इसका फलस्तीनी कैंपों में मौजूद हथियारों से कोई लेना-देना नहीं है।

# भारत पर टैरिफ लगाने और चीन को बचाने पर ट्रंप को विशेषज्ञों की चेतावनी

## कहा- संबंधों पर पड़ेगा प्रभाव



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने पर विशेषज्ञों ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि रूस से तेल खरीदने पर भारत पर टैरिफ लगाने और चीन को बचाने से अमेरिका को ही नुकसान हो सकता है। भारत पर टैरिफ लगाने से दोनों देशों के संबंधों पर प्रभाव पड़ेगा। भू-राजनीतिक और आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि भारत के खिलाफ इस हमले का भारत-अमेरिका संबंधों पर दूरगामी और दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकता है। ट्रंप की सहयोगी निक्की हेली ने एक लेख में कहा कि चीन को पछाड़ने के अमेरिकी विदेश नीति के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अमेरिका और भारत के बीच संबंधों को पटरी पर लाने से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ और नहीं है। भारत से मूल्यवान स्वतंत्र और लोकतांत्रिक साझेदार की तरह व्यवहार किया जाना चाहिए, न कि चीन जैसे प्रतिद्वंद्वी की तरह। एशिया में चीनी प्रभुत्व के प्रतिकार के रूप में काम करने वाले एकमात्र देश के साथ 25 वर्षों की गति को रोकना एक रणनीतिक आपदा होगी। उन्होंने कहा कि भारत, अमेरिका को अपनी महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं को चीन से दूर ले जाने में मदद करने के लिए आवश्यक है और यह स्वतंत्र विश्व की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण परिसंपत्ति है। जबकि ट्रंप प्रशासन विनिर्माण को अमेरिका में वापस लाने के लिए काम कर रहा है। भारत उन उत्पादों के लिए चीन जैसे पैमाने पर विनिर्माण करने की क्षमता के मामले में अकेला है, जिनका उत्पादन यहां शीघ्रता से या कुशलता से नहीं किया जा सकता है, जैसे कि कपड़ा, सस्ते फोन और सौर पैनल। हेली ने कहा कि चीन के विपरीत लोकतांत्रिक भारत का उदय स्वतंत्र विश्व के लिए खतरा नहीं है और इसलिए भारत की शक्ति बढ़ने के साथ ही चीन की महत्वाकांक्षाएं कम होनी होंगी।

भू-राजनीतिक विशेषज्ञ फरीद जकारिया ने अमेरिका भारत संबंधों को खराब करने के लिए ट्रंप की आलोचना की। जकारिया ने कहा कि ट्रंप की ओर से भारत पर लगाए गए दंडात्मक टैरिफ अमेरिका की सबसे बड़ी विदेश नीति गलती थी। अगर ट्रंप अपना रुख बदल भी देते हैं, तो भी नुकसान हो चुका है। भारत का मानना है कि अमेरिका ने अपना असली रंग दिखा दिया है। वह अविश्वसनीय है और जिसे वह अपना दोस्त कहता है, उसके साथ क्रूरता करने को तैयार है। भारत को लगेगा कि उसे अपनी बाजी सुरक्षित रखनी होगी। रूस के साथ नजदीकी बनाए रखें और चीन के साथ सुलह करें।

अमेरिकी अर्थशास्त्री जेफरी सैक्स ने भी भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के ट्रंप के कदम की आलोचना की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ब्रिक्स के महान एकीकरणकर्ता हैं। उन्होंने टैरिफ को अमेरिकी विदेश नीति में सबसे मूर्खतापूर्ण रणनीतिक कदम कहा। वरिष्ठ अमेरिकी कांग्रेस सदस्य ग्रेगरी मीक्स ने भी भारत पर टैरिफ लगाने के लिए ट्रंप की आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि टैरिफ से वॉशिंगटन और नई दिल्ली के बीच मजबूत साझेदारी बनाने के लिए दो दशकों से अधिक समय से किए जा रहे सावधानीपूर्वक कार्य को खतरा है। हमारे बीच गहरे रणनीतिक, आर्थिक और लोगों के बीच संबंध हैं। चिंताओं का समाधान हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप पारस्परिक सम्मान के साथ किया जाना चाहिए।

### अफ्रीकी देश गिनी में भूस्खलन से 11 लोगों की मौत, 10 घायल

**कोनाक्री , एजेंसी।** पश्चिम अफ्रीकी देश गिनी की राजधानी कोनाक्री से 50 किलोमीटर दूर कोयाह प्रांत में भारी बारिश के कारण भूस्खलन में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी की ओर से बृहस्पतिवार को जारी एक बयान के अनुसार भूस्खलन बुधवार रात कोयाह प्रांत के ग्रामीण क्षेत्र मानेह में हुआ। स्थानीय निवासी कोने पेपे ने बताया, ''कल शाम करीब सात बजे बारिश हो रही थी। मैंने देखा कि अचानक पहाड़ टूटकर तलहटी में बने घरों पर गिर गया। इसके मलबे में घर दफन हो गए। कोई भी जीवित नहीं बचा।'' खोज और बचाव अभियान बृहस्पतिवार देर रात तक जारी रहा। शहरी नियोजन एवं आवास मंत्री मोरी कोंडे ने घटनास्थल का दौरा किया और कहा, ''बारिश के कारण पहाड़ का एक हिस्सा ढह गया और इमारतों पर गिर गया।''



## भारतीय की लापरवाही से हुई दुर्घटना, अमेरिका ने सभी विदेशी ट्रक ड्राइवरों का वीजा रोका

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सरकार ने विदेशी ट्रक ड्राइवरों को वीजा देने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने गुरुवार को इसका एलान कर दिया। दरअसल अमेरिका में एक भारतीय ट्रक ड्राइवर की लापरवाही से भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। इस हादसे के बाद अमेरिका में विदेशी ट्रक ड्राइवरों के खिलाफ माहौल बन गया है और इस घटना ने राजनीतिक रंग ले लिया है। मार्को रूबियो ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि तत्काल प्रभाव से कमर्शियल ट्रक ड्राइवरों को जारी होने वाले वीजा पर रोक लगाई जाती है। अमेरिका की सड़कों पर विदेशी ट्रक ड्राइवरों की संख्या बढ़ती जा रही है और ये ट्रक और ट्रेलर चालक अमेरिकी लोगों की जान खतरे में डाल रहे हैं और साथ ही अमेरिकी ट्रक चालकों की आजीविका में भी सेंध लगा रहे हैं।

**भारतीय ट्रक ड्राइवर की लापरवाही से हुआ हादसा:** दरअसल फ्लोरिडा के राजमार्ग पर एक भारतीय ट्रक ड्राइवर ने गलत तरीके से यू-टर्न लिया, जिससे एक कार ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। आरोपी ट्रक ड्राइवर की पहचान हरजिंदर सिंह के रूप में हुई है, जो मेक्सिको के जरिए अवैध तरीके से अमेरिका में दाखिल हुआ था। संघीय अधिकारियों के अनुसार, आरोपी ट्रक ड्राइवर अंग्रेजी परीक्षण में भी असफल रहा। अमेरिका में इस मामले की काफी चर्चा हो रही है क्योंकि यह घटना फ्लोरिडा में हुई, जो सत्ताधारी रिपब्लिकन पार्टी का गढ़ है। साथ ही रिपब्लिकन पार्टी का अवैध अप्रवासियों पर रुख सख्त रहा है।

# मनी लॉड्रिंग मामले में घिरे ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति पुलिस ने लगाए 50 लाख डॉलर के लेनदेन के आरोप



**ब्रासीलिया, एजेंसी।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो मनी लॉड्रिंग मामले में घिर गए हैं। पुलिस ने उन पर मार्च 2023 और फरवरी 2024 के बीच 50 लाख डॉलर का लेनदेन करने के आरोप लगाए हैं। वहीं बोल्सोनारो ने कहा कि राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा की सरकार उन्हें राजनीतिक रूप से प्रताड़ित कर रही है। बोल्सानारो एक जनवरी, 2019 से 31 दिसंबर, 2022 तक ब्राजील के राष्ट्रपति रहे। उन पर तख्तापलट की साजिश करने का भी आरोप है। इस मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट के पांच न्यायाधीशों का एक पैनल सजा सुनाएगा। वे दो से 12 सितंबर के बीच अपना फैसला सुनाएंगे। अगर अटॉर्नी जनरल उन पर न्याय में बाधा डालने का आरोप लगाने का निर्णय लेते हैं तो पूर्व राष्ट्रपति को एक और मुकदमे का सामना करना पड़ सकता है। बोल्सनारो पर आरोप है कि उनको 30 मिलियन से अधिक ब्राजीलियन रीसिस (5 मिलियन डॉलर) प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश बिना किसी स्पष्ट औचित्य के थे तथा उस अवधि के दौरान लगभग इतनी ही राशि के डेबिट भी प्राप्त हुए। दस्तावेजों के मुताबिक लगभग दो करोड़ रियाल (3.48 मिलियन डॉलर) कथित तौर पर पीआईएक्स नामक 12 लाख से अधिक लेनदेन से आए। बोल्सोनारो ने इस दौरान निवेश पर भी इतनी ही राशि खर्च की। दस्तावेजों से यह भी पता चला है कि पूर्व राष्ट्रपति ने वायर ट्रांसफर, जमा पर्चियों के भुगतान, निकासी और विनिमय कार्यों पर भी पैसा खर्च किया। ब्राजील पुलिस ने कहा है कि बोल्सोनारो और उनके बेटे एडुआर्डो ने वित्तीय संसाधनों के स्रोत और गंतव्य को छिपाने के लिए कई पैंतरेबाज़ी की। इसका उद्देश्य विदेश में रहने वाले सांसद (एडुआर्डो बोल्सोनारो) की अवैध प्रकृति की गतिविधियों को वित्तपोषित करना और उनका समर्थन करना था। पुलिस जांच यह भी खुलासा हुआ कि बोल्सोनारो ने पिछले साल अर्जेंटीना में राजनीतिक शरण लेने पर विचार किया था और एहतियाती उपायों के बावजूद हाल के हफ्तों में उन्होंने सहयोगियों के साथ संवाद जारी रखा, जिसके कारण अब उन्हें नजरबंद होना पड़ रहा है। मामले की देखरेख कर रहे न्यायमूर्ति एलेक्जेंडर डी मोरेस ने बुधवार देर रात बोल्सोनारो के वकीलों से कहा कि उनके पास यह बताने के लिए 48 घंटे का समय है कि पूर्व राष्ट्रपति अपने घर में नजरबंदी के आदेश के लिए निर्धारित उपायों का पालन क्यों नहीं कर रहे हैं? बोल्सोनारो के वकीलों ने उस मामले में किसी भी तरह की गड़बड़ी से इनकार किया। वकीलों ने कहा कि किसी भी एहतियाती उपाय का कभी भी उल्लंघन नहीं किया गया था। साथ ही वे संघीय पुलिस द्वारा उन पर औपचारिक रूप से न्याय में बाधा डालने का आरोप लगाने के निर्णय से आश्चर्यचकित हैं। बोल्सोनारो के एक वकील ने एक टीवी साक्षात्कार में कहा कि पूर्व राष्ट्रपति ने कभी भी अर्जेंटीना में राजनीतिक शरण लेने पर गंभीरता से विचार नहीं किया। पाउलो कुन्हा ब्यूनो ने बताया कि बोल्सोनारो को उनके खिलाफ जांच के दौरान हर तरह के सुझाव मिले। किसी ने उन्हें फरवरी 2024 में शरण का अनुरोध भेजा था। वह जा सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।

### सुप्रीम कोर्ट ने जब्त किया पासपोर्ट

ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट ने 8 फरवरी, 2024 को बोल्सोनारो का पासपोर्ट ज़ब्त कर लिया था। न्यायाधीश डी मोरेस ने सभी अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया क्योंकि पूर्व राष्ट्रपति के भाग जाने का खतरा माना जा रहा है। वहीं बोल्सोनारो ने अर्जेंटीना के राष्ट्रपति को दिए 33 पन्नों के एक दस्तावेज में दावा किया है कि ब्राजील में उनका राजनीतिक उत्पीड़न हो रहा है। दोनों ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कट्टर समर्थक हैं। माइली के प्रवक्ता मैनुअल एडोर्नी ने कहा कि अर्जेंटीना सरकार को अभी तक कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ है।

# पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनवात्रा को बड़ी राहत, शाही परिवार को बदनाम करने के मामले में किए गए बरी



**बैंकॉक, एजेंसी।** थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा को शाही मानहानि मामले में बड़ी राहत मिली है। पूर्व पीएम शिनावात्रा ने कहा कि शुक्रवार को एक अदालत ने उन्हें मानहानि के मामले में बरी कर दिया। उनके वकील ने भी फैसले की पुष्टि की। हालांकि बैंकॉक आपराधिक न्यायालय ने कोई बयान जारी नहीं किया है। पिछले साल पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा पर थाईलैंड की राजशाही को बदनाम करने के आरोप में औपचारिक रूप से केस दर्ज कराया गया था। जो देश की राजनीति को अस्थिर करने वाले कई अदालती मामलों में से एक है। थाकसिन पर मूल रूप से 2016 में लेसे मैजेस्टे कानून का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया था, क्योंकि उन्होंने एक साल पहले दक्षिण कोरिया के सियोल में पत्रकारों से बात करते हुए टिप्पणी की थी। हालांकि थाकसिन ने आरोपों से इनकार किया था और खुद का बचाव करते हुए एक बयान जारी किया था। थाईलैंड में राजतंत्र को बदनाम करने के लिए बनाए गए कानून के तहत किसी भी शख्स को तीन से 15 साल तक की जेल की सजा हो सकती है। इस कानून को लेसे मैजेस्टे के नाम से जाना जाता है और ये दुनिया के इस तरह के सबसे कठोर कानूनों में से एक है। इसी कानून के उल्लंघन के आरोप में थाकसिन पर केस दर्ज कराया गया था। 18 साल पहले थाईलैंड की राजनीति से बेदखल किए पूर्व प्रधानमंत्री थकसिन शिनावात्रा आज भी देश में एक प्रभावशाली राजनीतिक हस्ती है। दरअसल थकसिन शिनावात्रा को थाईलैंड का सबसे सफल चुना हुआ नेता माना जाता है। तख्तापलट के जरिए सत्ता से बाहर किए जाने के बाद उनपर प्रतिबंध भी लगाया गया था। वहीं थाकसिन ने पूरे मामले को राजनीति से प्रेरित बताया था।

### साल 2008 में लगा था भ्रष्टाचार का आरोप

दो बार थाईलैंड के प्रधानमंत्री रह चुके थाकसिन एक अरबपति नेता हैं, जो अक्सर विवादों में घिरे रहते हैं। थाकसिन ने साल 2001 से 2006 तक थाईलैंड के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था। हालांकि, साल 2006 के सैन्य तख्तापलट में उन्हें इस पद से हटा दिया गया था। साल 2008 में थाकसिन पर भ्रष्टाचार और सत्ता के पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया, जिसके बाद वह थाईलैंड छोड़कर भाग गए थे और करीब 15 साल के आत्म-निर्वासन बाद, पिछले साल अगस्त में वापस अपने देश आ गए, जिसके बाद उन्हें उनके आरोपों के लिए सजा सुनाई गई। उन्होंने अपनी सजा का पूरा समय पुलिस के अस्पताल में बिताया, जिसके बाद विरोधियों ने उन पर विशेषाधिकार होने का भी आरोप लगाया है। थाकसिन को अगस्त 2023 में भ्रष्टाचार के आरोप में आठ साल की सजा सुनाई गई थी, लेकिन कुछ दिनों बाद ही थाईलैंड के राजा महा वजीरालोंगकोर्न ने शाही माफी दे दी, जिसके बाद उनकी सजा आठ साल से घटाकर एक साल कर दी गई थी।

### पूर्व पीएम इमरान खान का भांजा लाहौर से अगवा



**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान में इन दिनों सियासी पारा अपने चरम पर है। कारण है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने उनके भांजे शाहरेज खान को अगवा किए जाने का आरोप लगाया है।शाहरेज, इमरान की बहन अलीमा खान के बेटे हैं। पार्टी के वकील राणा मुदस्सर उमर ने बताया कि अब तक किसी भी केस में शाहरेज का नाम नहीं आया है और न ही वे राजनीति से जुड़े हैं। गुरुवार को उन्होंने अपने आरोप में कहा कि शाहरेज खान को लाहौर स्थित उनके घर से सादे कपड़े पहनकर आए लोगों ने अगवा कर लिया। पार्टी के मुताबिक शाहरेज ऑस्ट्रेलिया की एक बड़ी लिनेन कंपनी के रीजनल हेड और ट्रायथलीट हैं। उन्हें घर से जबरन उठाया गया। घरेलू सहायकों के साथ मारपीट हुई और शाहरेज को उनके दो बच्चों के सामने प्रताड़ित भी किया गया। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि एक दिन पहले उन्हें अपनी पत्नी के साथ लाहौर एयरपोर्ट से यात्रा करने से रोका गया था। उन्हें जबरन फ्लाइट से उतार दिया गया था।

**खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री ने की घटना की निंदा :** इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने शाहरेज की तत्काल रिहाई की मांग की। इमरान की बहन अलीमा खान देश की सेना और अधिकारियों की आलोचना के लिए अक्सर सुर्खियों में रही हैं। बता दें कि इमरान खान बीते करीब दो साल से (अगस्त, 2023 से) जेल में बंद हैं। उन्होंने अपनी पार्टी से कहा था कि जेल में उनके साथ कुछ भी गलत होने पर सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को जवाबदेह ठहराया जाए। गौरतलब है कि गुरुवार को ही देश की सुप्रीम कोर्ट ने 9 मई को हुई हिंसा से जुड़े आठ मामलों में इमरान खान को जमानत देने का फैसला भी सुनाया।

# एनआरआई उद्योगपति लॉर्ड स्वराज पॉल का लंदन में निधन

## 94 की उम्र में ली अंतिम सांस



**लंदन, एजेंसी।** प्रमुख एनआरआई उद्योगपति लॉर्ड स्वराज पॉल का बृहस्पतिवार शाम (स्थानीय समयानुसार) लंदन में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, वह 94 साल के थे। हाल ही में बीमार पड़ने के चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में अंतिम सांस ली। ब्रिटेन स्थित कैपारो ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के संस्थापक पॉल का जन्म पंजाब के जालंधर में हुआ था। 1960 के दशक में वह अपनी छोटी बेटी अंबिका के कैंसर के इलाज के लिए ब्रिटेन गए थे। लेकिन बेटी की चार साल की उम्र में मृत्यु हो गई, जिसके बाद पॉल ने एक धर्मार्थ ट्रस्ट के रूप में अंबिका पॉल फाउंडेशन की स्थापना की। इस संस्था ने शिक्षा और स्वास्थ्य पहलों के माध्यम से दुनिया भर के बच्चों और युवाओं के कल्याण के लिए लाखों डॉलर का दान किया।

### 2015 में बेटा और 2022 में पत्नी को खोया

पिछले महीने लंदन के अंबिका पॉल चिल्ड्रन्स जू में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान लॉर्ड पॉल ने कहा था कि यह वह जगह है, जहां अंबिका सबसे ज्यादा खुश रहती थीं। लॉर्ड पॉल ने अपने जीवन में बहुत दुख देखे। उन्होंने 2015 में अपने बेटे अंगद पॉल को खोया और 2022 में पत्नी अरुणा को। उनकी याद में वे लगातार परोपकारी काम करते रहते थे।

### पत्नी की याद में लेडी अरुणा स्वराज पॉल हॉल का किया था उद्घाटन

फरवरी 2023 में, लंदन के ऐतिहासिक इंडियन जिमखाना क्लब में लेडी अरुणा स्वराज पॉल हॉल का उद्घाटन करते हुए लॉर्ड पॉल ने कहा, यह हॉल मेरी अद्भुत पत्नी को श्रद्धांजलि है। मुझे उनकी बहुत याद आती है। हमारे 65 साल के वैवाहिक जीवन में हमने कभी झगड़ा नहीं किया।

### संडे टाइम्स रिच लिस्ट में नियमित शामिल होते रहे हैं लॉर्ड पॉल

लॉर्ड पॉल संडे टाइम्स रिच लिस्ट में नियमित रूप से शामिल होते रहे हैं। इस साल उनकी संपत्ति लगभग 2 बिलियन पाउंड आंकी गई और उन्हें 81वें स्थान पर रखा गया। उनकी संपत्ति का बड़ा हिस्सा बहुराष्ट्रीय कंपनी कैपारो समूह से आता है, जो स्टील और इंजीनियरिंग का बड़ा बिजनेस है। कैपारो समूह का मुख्यालय लंदन में है और यह 40 से ज्यादा जगहों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करता है, जिसका संचालन यूके, उत्तरी अमेरिका, भारत और मध्य पूर्व में स्थित है। उनके बेटे आकाश पॉल कैपारो इंडिया के अध्यक्ष और कैपारो समूह के निदेशक हैं।

# कराची में गोदाम में धमाके से दो की मौत, 33 घायल

## पटाखों के कच्चे माल से हुआ बड़ा हादसा



**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां कराची के भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थित ताज मेडिकल कॉम्प्लेक्स के पास गुरुवार को एक गोदाम में जोरदार धमाका हो गया। हादसे में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है और 33 लोग घायल हुए हैं। मामले में पाकिस्तान की आधिकारिक बहु-खतरा आपातकालीन सेवा रेस्क्यू 1122 के मुताबिक, धमाका एक तीन मंजिला इमारत के बेसमेंट में हुआ जहां पटाखे बनाने का कच्चा माल रखा गया था। ऊपर की मंजिलों पर परिवार रहते थे। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने और फिर ज्वलनशील पदार्थ की वजह से धमाका होने की बात सामने आई है। बता दें कि हादसे में 20 घायल जिन्ना पोस्टग्रेजुएट मेडिकल सेंटर में भर्ती हैं, जिनमें 2 की हालत नाजुक है। 14 घायल सिविल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में हैं। बाद में घटनास्थल से 16 साल के एक लड़के की लाश मिली और एक घायल ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### सीटीडी ने बताया विस्फोटक

वहीं इस धमाका को लेकर काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) के अधिकारी राजा उमर खताब ने बताया कि वहां केवल पटाखों का नहीं बल्कि भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री रखी गई थी। उन्होंने कहा कि इस इलाके से पहले भी दो टन विस्फोटक बरामद हो चुका है। अधिकारियों के अनुसार, सिंध में पटाखों की कोई वैध फैक्ट्री नहीं है और यह गोदाम अवैध रूप से रिहायशी इलाके में चल रहा था। धमाके से इमारत को भारी नुकसान हुआ, आसपास की गाड़ियों पर कंक्रीट के टुकड़े गिर गए और आसपास की खिड़कियां भी टूट गईं। आग बुझाने के लिए 12 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां लगाई गईं। वहीं मामले में मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने सभी घायलों को तुरंत इलाज दिलाने के निर्देश दिए और घटना की विस्तृत रिपोर्ट मांगी।

## भारतीय महिला टीम विश्वकप 2025 की प्रबल दावेदार: रीमा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 की मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करने जा रहे हैं और इसी बीच पूर्व ऑलराउंडर रीमा मल्होत्रा ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को अब तक की सबसे मजबूत टीम करार दिया है। टूर्नामेंट का आयोजन 30 सितंबर से दो नवंबर तक होगा और हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम अपना अभियान गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ मैच से शुरू करेगी। रीमा का मानना है कि इस टीम में अनुभव और युवाओं का ऐसा संतुलन है, जो घरेलू परिस्थितियों में चैंपियन बनने का दमखम रखता है। उन्होंने कहा कि इस बार हरमनप्रीत, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा जैसी अनुभवी खिलाड़ियों के साथ अमनजोत कौर, क्रांति गौड़, श्री चरणी और ऋचा घोष जैसे युवा चेहरे भी टीम को मजबूती दे रहे हैं।

चर्चा का बड़ा विषय शेफाली वर्मा का टीम से बाहर होना रहा, लेकिन रीमा ने दिल्ली की बल्लेबाज प्रतिका रावल को शामिल किए जाने को सही बताया। प्रतिका ने 14 वनडे में 754 रन बनाए हैं और उनके प्रदर्शन में निरंतरता साफ दिखाई देती है। इसके उलट शेफाली के आंकड़े इस फॉर्मेट में औसत ही रहे हैं। रीमा ने कहा कि चयनकर्ताओं ने इस बार बड़े नाम के बजाय भरोसेमंद प्रदर्शन को तरजीह दी है, जो टीम के हित में है।

बल्लेबाजी को हमेशा से भारत की ताकत माना गया है, लेकिन इस बार गेंदबाजी भी टीम की असली पहचान बन सकती है। रेणुका ठाकुर, अमनजोत और अरुंधति रेड्डी तेज गेंदबाजी विभाग को संतुलित कर रही हैं, जबकि स्पिन में दीप्ति शर्मा, राधा यादव और स्नेह राणा का अनुभव और हुनर बड़ा हथियार साबित हो सकता है। रीमा ने कहा कि खासकर स्नेह राणा सफेद गेंद क्रिकेट में परिपक्व हो चुकी हैं और वनडे फॉर्मेट में उनकी उपयोगिता बहुत बढ़ गई है।

भारत महिला टीम विश्व कप के इतिहास में दो बार फाइनल में पहुंची है लेकिन खिताब जीतने का गौरव प्राप्त नहीं हुआ है। 2005 में ऑस्ट्रेलिया और 2017 में इंग्लैंड ने भारत को फाइनल में मात दी थी। रीमा का कहना है कि यह टीम उन पिछली असफलताओं से अलग है और इस बार आत्मविश्वास से भरी हुई है। हाल ही में श्रीलंका और इंग्लैंड के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन टीम की तैयारी का सबूत है। उन्होंने माना कि हरमनप्रीत कौर का प्रदर्शन निर्णायक होगा क्योंकि वह दबाव में बेहतर



खेलती हैं और टीम को बड़ी जीत दिला सकती हैं। जेमिमा रोड्रिग्स के पांचवें नंबर पर खेलने से बल्लेबाजी में गहराई आई है, जबकि अमनजोत और अरुंधति ने पूजा वस्त्राकर की चोट से बनी कमी को पूरा किया है। रीमा का मानना है कि कागजों पर यह टीम सबसे मजबूत है और घरेलू समर्थन के साथ इस बार भारत खिताब जीतने का प्रबल दावेदार है।

## रोहित-विराट 2027 वनडे विश्व कप तक खेलें तो भारतीय क्रिकेट को होगा फायदा : रॉस टेलर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट में रोहित शर्मा और विराट कोहली के भविष्य को लेकर चल रही चर्चाओं में अब न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज रॉस टेलर की भी एन्ट्री हो गई हैं रॉस टेलर ने रोहित और विराट को लेकर बड़ा बयान दिया है। टेलर का मानना है कि ये दोनों खिलाड़ियों को वनडे प्रारूप में खेलते रहना चाहिए और अगर वे 2027 विश्व कप तक टीम का हिस्सा बने रहते हैं, तो यह भारतीय क्रिकेट और विश्व क्रिकेट दोनों के लिए बेहद अहम होगा।

गौरतलब है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली ने हाल ही में इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। हालांकि, दोनों ने वनडे प्रारूप में खेलना जारी रखने की इच्छा जाहिर की है। अक्टूबर में वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में भी मैदान पर खेलते नजर आ सकते हैं। इसके लिए दोनों ने अपनी फिटनेस और लय वापस पाने की तैयारी भी शुरू कर दी है। नोएडा में आयोजित चैम्पियंस लीग टी-10 ट्रॉफी के दौरान रॉस टेलर ने कहा, 'अच्छा, आप विराट और रोहित को ही देख लीजिए, वे अब भी फिट हैं और रन बना रहे हैं। इतना क्रिकेट खेलना उनके शरीर के लिए थकाऊ जरूर है, क्योंकि वे दोनों पैरेंट्स भी हैं और लंबे समय तक घर और बच्चों से दूर रहते हैं। लेकिन दुनिया उन्हें मैदान पर देखना चाहती है। विश्व क्रिकेट और भारतीय क्रिकेट के नजरिए से उम्मीद है कि वे दोनों 2027 तक खेलते रहेंगे।'

टेलर ने विराट कोहली के करियर को याद करते हुए कहा कि उन्होंने कोहली को शुरुआती दिनों से ही बढ़ते हुए देखा है। टेलर ने कहा, ÷जब विराट 18-19 साल का था तो थोड़ा मोटा था। उस समय कैमरन व्हाइट ने कहा था कि यह लड़का वर्ल्ड क्लास बनेगा। आज वह शानदार खिलाड़ी बन चुका है। वह न केवल आरसीबी के लिए वफादार रहा है, बल्कि भारतीय क्रिकेट और विश्व क्रिकेट को बहुत कुछ दिया है। आरसीबी का आईपीएल खिताब जीतना और आखिरकार ट्रॉफी उठाना भी उसके करियर का अहम पल है।÷ टेलर का यह बयान उस समय आया है जब भारतीय क्रिकेट में लगातार यह बहस छिड़ी हुई है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली को अब धीरे-धीरे युवा खिलाड़ियों को जगह देनी चाहिए या 2027 विश्व कप तक टीम का हिस्सा बने रहना चाहिए। टेलर की राय से यह साफ है कि वह अनुभव और क्लास को लंबे समय तक भारतीय टीम में देखने के पक्षधर हैं।

## रोहित-विराट के फेयरवेल मैच की बातें करना निरर्थक है : राजीव शुक्ला



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने भारतीय वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के रिटायरमेंट को लेकर चल रही अटकलों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। उन्होंने साफ कहा कि दोनों खिलाड़ी अभी वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं, इसलिए फेयरवेल मैच की बातें करना निरर्थक है। गौरतलब है कि रोहित और विराट पहले ही टेस्ट और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। ऐसे में 38 वर्षीय रोहित और 36 वर्षीय विराट के भविष्य पर लगातार चर्चाएं हो रही थीं। कुछ रिपोर्ट्स में यहां तक कहा गया कि 2027 वनडे वर्ल्ड कप टीम प्रबंधन की योजनाओं में दोनों का नाम शामिल नहीं है और ऑस्ट्रेलिया दौरा दोनों के लिए विदाई सीरीज साबित हो सकता है।

यूपी टी20 लीग द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में जब शुक्ला से सवाल पूछा गया कि क्या रोहित और विराट को सचिन तेंदुलकर जैसा फेयरवेल मिलेगा, तो उन्होंने जवाब दिया, 'वे रिटायर कहां हुए हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली वनडे खेल रहे हैं। जब रिटायर नहीं हुए तो फेयरवेल की बात क्यों हो रही है। उन्होंने केवल दो फॉर्मेट से संन्यास लिया है। लेकिन वे अभी भी वनडे खेल रहे हैं, इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है।'

शुक्ला ने बीसीसीआई की नीति स्पष्ट करते हुए कहा कि बोर्ड कभी किसी खिलाड़ी को रिटायर होने के लिए बाध्य नहीं करता, यह पूरी तरह व्यक्तिगत निर्णय होता है। इंटरव्यू के दौरान फैंस की ओर से यह मांग भी रखी गई कि जब भी दोनों दिग्गज वनडे क्रिकेट से संन्यास लें तो उन्हें शानदार फेयरवेल दिया जाए। इस पर शुक्ला ने कहा, 'जब वो समय आएगा तो देखेंगे। अभी से विदाई की बातें करने की जरूरत नहीं है। विराट कोहली बेहतरीन फॉर्म में हैं और काफी फिट हैं। रोहित शर्मा भी अच्छा खेल रहे हैं। ऐसे में विदाई को लेकर अभी चिंता करना जल्दबाजी है।'

रोहित और विराट ने आखिरी वनडे मैच मार्च 2025 में खेला था, जब भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल खेला था। अब भारतीय टीम अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी, जहां तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। ऐसे में यह दोनों सीनियर खिलाड़ी एक बार फिर से मैदान पर नजर आएंगे और टीम प्रबंधन उनके अनुभव का पूरा फायदा उठाना चाहेगा।

## एशिया कप से पहले बीमार हुए शुभमन गिल, दलीप ट्रॉफी से बाहर

**मैके (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। टीम इंडिया टेस्ट टीम के कप्तान और युवा स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल एशिया कप 2025 से पहले बीमार पड़ गए हैं। उनकी तबीयत ठीक न होने के कारण वे दलीप ट्रॉफी से हट गए हैं। बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में 28 अगस्त से 15 सितंबर तक होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में गिल नॉर्थ जोन की कप्तानी करने वाले थे। लेकिन अब उनकी गैरमौजूदगी में उपकप्तान अंकित कुमार टीम की बागडोर संभालेंगे। गिल को टी20 फॉर्मेट में खेले जाने वाले एशिया कप के लिए भारतीय टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है और बोर्ड के लिए उनकी फिटनेस सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भारतीय टीम के फिजियो ने हाल ही में गिल की जांच की और बीसीसीआई को हेल्थ रिपोर्ट सौंप दी। वर्तमान में वह चंडीगढ़ स्थित अपने घर पर आराम कर रहे हैं। चयन समिति और बोर्ड के अधिकारियों ने गिल की उपलब्धता पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन सूत्रों ने



इस बात की पुष्टि की हैं कि गिल दलीप ट्रॉफी में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। वैसे भी वह पूरी प्रतियोगिता के लिए उपलब्ध नहीं रहते क्योंकि एशिया कप की तैयारियों के चलते उन्हें टीम इंडिया से जुड़ना था। ऐसे में गिल केवल शुरुआती मैच के लिए ही उतर पाते।

गिल का हालिया फॉर्म की बात करें तो भारतीय क्रिकेट के लिए बड़ी राहत रहा है। इंग्लैंड दौरे पर खेले गए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पांच टेस्ट मैचों में उन्होंने 754 रन बनाए और सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। यह उनके कप्तानी करियर की पहली टेस्ट सीरीज थी जिसमें उन्होंने भारत को 2-2 की बराबरी दिलाई और अपने नेतृत्व कौशल से सबको प्रभावित किया। उनकी अनुपस्थिति दलीप ट्रॉफी में नॉर्थ जोन के लिए जरूर झटका है, हालांकि चयनकर्ताओं ने पहले ही शुभम रोहिल्ला को बैकअप के रूप में शामिल किया था।

नॉर्थ जोन का पहला मुकाबला 28 अगस्त को ईस्ट जोन से होगा। वहीं, एशिया कप टीम का हिस्सा अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा भी केवल शुरुआती मैच के बाद टीम से अलग हो जाएंगे। दलीप ट्रॉफी जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में गिल जैसे बड़े खिलाड़ी का न खेलना निश्चित रूप से निराशाजनक है, लेकिन भारतीय क्रिकेट के लिए उनका पूरी तरह फिट होना कहीं ज्यादा जरूरी है। एशिया कप 9 सितंबर से यूएई में शुरू हो रहा है और भारतीय टीम को गिल की बल्लेबाजी और उनकी नेतृत्व क्षमता दोनों की सख्त जरूरत होगी। फिलहाल सभी की निगाहें उनके स्वास्थ्य और एशिया कप से पहले उनकी फिटनेस पर टिकी हैं।

## रिंकू सिंह ने बैट विवाद पर तोड़ी चुप्पी, एशिया कप में चमकने को तैयार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स और भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह ने आईपीएल 2024 के दौरान वायरल हुए उस वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें वह विराट कोहली से बैट मांगते नजर आए थे। कोहली ने उन्हें जो बल्ला दिया था, वह टूट गया और इसके बाद रिंकू दोबारा नया बैट मांगते दिखे थे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था और रिंकू काफी सुर्खियों में आ गए थे। अब मेरठ मावेरिक्स के कप्तान रिंकू ने इस पूरे मामले को लेकर खुलासा किया है।



27 वर्षीय रिंकू इन दिनों यूपी टी20 लीग में खेल रहे हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में मुस्कुराते हुए कहा कि बैट वाले मामले में वह थोड़ा ज्यादा बदनाम हो गए थे। उन्होंने बताया कि वह सामान्य तौर पर विराट कोहली से मिलने जाते थे और बैट भी मांग लेते थे, लेकिन कैमरे में कैद होने से मामला ज्यादा फैल गया। उन्होंने कहा कि यह चीज उनके लिए और कोहली दोनों के लिए ठीक नहीं रही। रिंकू ने आगे बताया कि इस बार यानी आईपीएल 2025 में उन्होंने कोहली से बैट नहीं लिया बल्कि एमएस धोनी और रोहित शर्मा से बल्ला लिया, जो उनके लिए बड़ी बात है।

रिंकू ने कहा कि बड़े खिलाड़ियों का बैट पाना उनके करियर के लिए बेहद खास है। वह इसे एक यादगार पल मानते हैं। वहीं, उन्होंने एशिया कप 2025 में जगह मिलने पर खुशी जताई और कहा कि यह उनके लिए बड़ा मौका है। पिछले साल वह वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने से चूक गए थे और सिर्फ स्टैंडबाय खिलाड़ी थे।

## इस बार एशिया कप की प्रबल दावेदार है श्रीलंका : थिसारा परेरा

कोलंबो। श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर थिसारा परेरा ने कहा है कि इस बार उनकी टीम एशिया कप में जीत की प्रबल दावेदार के तौर पर उतरेगी। यूएई में 9 सितंबर से होने वाले एशिया कप में श्रीलंकाई टीम को ग्रुप-बी में रखा गया है। परेरा ने कहा, मुझे लगता है कि इस समय श्रीलंकाई टीम काफी संतुलित है उसके पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज है। इससे उम्मीद है कि वह बेहतर प्रदर्शन करेगी। मैं उनको शुभकामनाएं देता हूं कि वह अपने देश के लिए अपना सौ फीसदी योगदान दें। मुझे लगता है कि हमारे पास आज जो टीम है वह किसी भी विरोधी टीम को टक्कर दे सकती है। एशिया कप में श्रीलंका को ग्रुप-बी में रखा गया है। इस ग्रुप में श्रीलंका के साथ बांग्लादेश, हांगकांग और अफगानिस्तान जैसी टीमें भी हैं।

## एशिया कप टीम के लिए श्रेयस अय्यर का टीम से बाहर होना अनुचित : दिनेश कार्तिक

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने यूएई में 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया। हालांकि, इस टीम में श्रेयस अय्यर का नाम शामिल न होने पर कई दिग्गज खिलाड़ियों ने हैरानी जताई है। इसी तारतम्य में पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने इसे अनुचित बताते हुए चयनकर्ताओं से सवाल किया है। कार्तिक ने अपने इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक वीडियो में कहा, 'श्रेयस अय्यर कहां हैं? ये बड़ा सवाल है। वह कैसे बाहर हो सकता है? टीम ने पिछले 20 में से 17 मैच जीते हैं, ठीक है, लेकिन उन्हें 15 खिलाड़ियों में जगह न देना, यहां तक कि स्टैंडबाय खिलाड़ियों की सूची में भी शामिल न करना सही नहीं है। क्या इसका मतलब है कि टी20 विश्व कप को देखते हुए उनके लिए दरवाजे बंद हो चुके हैं? यह अनुचित होगा।' इससे पहले भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर सहित कई पूर्व क्रिकेटरों ने भी अय्यर को टीम से बाहर करने के फैसले की आलोचना की थी। कई विशेषज्ञों का मानना है कि यह संकेत है कि भविष्य में टी20 प्रारूप में अय्यर के लिए जगह सीमित हो सकती है। श्रेयस अय्यर ने हाल ही में पंजाब किंग्स के कप्तान के तौर पर शानदार प्रदर्शन किया और टीम को 2014 के बाद पहली बार फाइनल तक पहुंचाया। हालांकि, निर्णायक मुकाबले में पंजाब को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। दिनेश कार्तिक ने अय्यर की कप्तानी और दबाव में बेहतर बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा कि चयनकर्ताओं को उन्हें पूरी तरह नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए था। उन्होंने उम्मीद जताई कि अय्यर के लिए दरवाजे अभी भी खुले रहेंगे।



## सीपीएल 2025: टी20 में पांच विकेट लेने वाले सबसे उम्रदराज कप्तान बने ताहिर


**गुयाना (एजेंसी)।** सीपीएल 2025 में शनिवार को गुयाना अमेजन वॉरियर्स और एंटीगुआ एंड बरबुडा फॉल्कंस के बीच खेले गए एक मुकाबले में अनुभवी स्पिनर और कप्तान इमरान ताहिर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए नया इतिहास रच दिया। ताहिर की घातक स्पेल की बदौलत गुयाना अमेजन वॉरियर्स ने मुकाबले में जीत दर्ज की, वहीं ताहिर टी20 क्रिकेट में पांच विकेट लेने वाले सबसे उम्रदराज कप्तान बन गए। मैच में इमरान ताहिर ने अपने चार ओवर के स्पेल में एक मेडन डालते हुए मात्र 22 रन देकर पांच विकेट झटके। इससे पहले यह रिकॉर्ड मलावी के मोअज्जम अली बेग के नाम था, जिन्होंने सितंबर 2004 में कैमरून के खिलाफ 22 रन देकर पांच विकेट लिए थे। ताहिर ने इस उपलब्धि को हासिल कर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया।

इतना ही नहीं, ताहिर अब टी20 क्रिकेट के इतिहास में पांच विकेट लेने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज गेंदबाज भी बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि 46 साल 149 दिन की उम्र में हासिल की। उनसे आगे केवल कुक आइलैंड के तोमाकानुटे रीतावा हैं, जिन्होंने 2022 में फीजी के खिलाफ 46 साल 299 दिन की उम्र में पांच विकेट लिए थे। इमरान ताहिर का टी20 करियर बेहद शानदार रहा है। 2006 से अब तक वे अंतरराष्ट्रीय और लीग क्रिकेट मिलाकर 436 टी20 मैच खेल चुके हैं। इनमें उन्होंने 419 पारियों में गेंदबाजी करते हुए कुल 554 विकेट हासिल किए हैं। इस आंकड़े के साथ वे टी20 इतिहास के चौथे सबसे सफल गेंदबाज हैं। उनसे आगे राशिद खान, ड्वेन ब्रावो और सुनील नरेन का नाम आता है।

ताहिर के नाम टी20 में एक पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा अब तक पांच बार दर्ज है। इस मामले में वे शाहीन अफरीदी, लसिथ मलिंगा, भुवनेश्वर कुमार और शाकिब अल हसन के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। इस सूची में सबसे ऊपर डेविड वीजा हैं, जिन्होंने सात बार यह कारनाम कर दिखाया है। पाकिस्तान मूल के इमरान ताहिर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी शानदार प्रदर्शन किया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से खेलते हुए उन्होंने 20 टेस्ट में 57, 107 वनडे में 173 और 38 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 63 विकेट लिए। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद भी ताहिर का जादू लीग क्रिकेट में बरकरार है और उनका अनुभव आज भी टीमों के लिए जीत की कुंजी साबित हो रहा है।



## भारत में पहली बार मेसी की कप्तानी में खेलेगी अर्जेंटीना टीम



तिरुवनंतपुरम। भारत में अब फुटबॉल का बुखार चढ़ने वाला है, क्योंकि दुनिया के सर्वकालिक महान फुटबॉल खिलाड़ियों में शुमार लियोनेल मेसी की अगुआई में अर्जेंटीना फुटबॉल टीम इस साल नवंबर में भारत का दौरा करेगी। यह टीम केरल में एक दोस्ताना मैच खेलने आ रही है। इस ऐतिहासिक पल की आधिकारिक जानकारी राज्य के खेल मंत्री वी. अब्दुरहीमान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से साझा की। उन्होंने बताया कि अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) ने ईमेल के जरिए इस दौरे की पुष्टि कर दी है। मेसी के भारत आने की खबर के बाद फुटबॉल प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है, खासकर केरल में, जहां दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल और अर्जेंटीना टीम के लिए गहरी दीवानगी है। यहां मेसी की लोकप्रियता बेहद ज्यादा है और अब राज्य उस ऐतिहासिक क्षण की तैयारियों में जुट गया है, जिसे प्रशंसक अपने 'सपनों के सच होने' जैसा मान रहे हैं। 2022 में फीफा विश्व कप जीतने के बाद अर्जेंटीना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए खासतौर पर केरल के फुटबॉल फैंस को धन्यवाद भी दिया था। अब इस दोस्ताना मुकाबले की तैयारियां भी तेज हो चुकी हैं। केरल फुटबॉल संघ (केएफए) और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) मिलकर आयोजन स्थल और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। संभावना जताई जा रही है कि यह मुकाबला तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच अर्जेंटीना के लिए 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर से पहले की तैयारी का हिस्सा होगा। उम्मीद है कि मेसी टीम की कप्तानी करेंगे, हालांकि टीम की अंतिम सूची की घोषणा मुकाबले की तारीख नजदीक आने पर ही की जाएगी। राज्य सरकार सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और आतिथ्य सत्कार को लेकर विशेष इंतजाम करने की योजना बना रही है। पर्यटन विभाग का मानना है कि मेसी के भारत दौरे से केरल की अंतरराष्ट्रीय पहचान को नई ऊंचाई मिलेगी और देश-दुनिया से प्रशंसक व पर्यटक यहां आकर्षित होंगे। केरल सरकार ने इस दोस्ताना मैच के लिए विशेष रूप से अर्जेंटीना टीम को आमंत्रण भेजा था और अब यह आयोजन राज्य के लिए गौरव और ऐतिहासिक अवसर बन गया है।

## इंडिया-ए की राघवी और जोशीथा ने खेली धुंआधर पारी, गेंदबाजों ने किया कमाल

**-टेस्ट के दूसरे दिन मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट खोकर 158 रन बनाए**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज राघवी बिष्ट ने 93 रन की पारी खेली, जबकि निचले क्रम की बल्लेबाज वीजे जोशीथा (51) ने अंत में शानदार अर्धशतक लगाया, जिससे इंडिया-ए ने शुक्रवार को एकमात्र महिला अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ पहली पारी में 299 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। इसके बाद इंडिया-ए ने दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया-ए के 158 रन तक पांच विकेट गिरा दिए थे। इंडिया-ए की टीम बारिश के कारण पहले दिन पांच विकेट पर 93 रन बनाकर मुश्किल में पड़ गई थी, लेकिन बिष्ट ने 26 रन के स्कोर से आगे खेलते हुए राधा यादव के 33 रन के साथ छठे विकेट के लिए 64 रन की भागीदारी की। इसके बाद उन्होंने मीनू मणि के साथ 28 रन के साथ 75 रन की साझेदारी कर भारत को उबारा। निचले बल्लेबाजों के साथ शानदार बल्लेबाजी करने वाली बिष्ट ने 153 गेंद की अपनी पारी में 16 चौके लगाए, लेकिन शतक बनाने से महज सात रन से चूक गईं।

मध्यम गति की गेंदबाज मैटलन ब्राउन ने 63वें ओवर में उन्हें बोल्ड कर दिया। मणि को भी जल्द ही ब्राउन ने पवेलियन भेज दिया, लेकिन जोशीथा और टिटास साधु (23) ने हार नहीं मानी और नौवें विकेट के लिए 75 रन की अहम साझेदारी करके इंडिया-ए को 300 रन के करीब पहुंचाया। ऑफ स्पिनर लिली मिल्स ने जोशीथा को बोल्ड किया। इस भारतीय बल्लेबाज ने 72 गेंद की पारी में सात चौके लगाए। ऑस्ट्रेलिया-ए के लिए मध्यम गति की गेंदबाज जॉर्जिया प्रेस्टविज ने 37 रन देकर और ब्राउन ने 65 रन देकर तीन तीन विकेट झटके।

जवाब में ऑस्ट्रेलिया-ए टीम 43 ओवर में 158 रन पर पांच विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। भारत-ए के लिए मध्यम गति की गेंदबाज साइमा ठाकोर ने 21 रन देकर दो विकेट और बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने 40 रन देकर दो विकेट लिए जबकि साधु ने 27 रन देकर एक विकेट झटका। कप्तान तहलिला विल्सन ने 49 रन बनाए और रशेल ट्रेनमैन (21) के साथ पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े। स्टंप उखड़ने तक विकेटकीपर निकोल फाल्टम 30 और सियाना जिंजर 24 रन बनाकर क्रीज पर जमी हुई थीं।

## दबंग दिल्ली के कप्तान बने रहेंगे आशु मलिक

नई दिल्ली। प्रो कबड्डी लीग का 12 सत्र इस माह 29 अगस्त से शुरु होने जा रहा है। इस सत्र के लिए दबंग दिल्ली केसी ने आशु मलिक को अपनी टीम का कप्तान बनाये रखा है। दबंग दिल्ली के अनुसार मलिक का प्रदर्शन लगातार अच्छा रहा है और हर सत्र के साथ ही उनकी कप्तानी में भी निखार आया है। उनके जुझारु रवैये से प्रभावित होकर ही उन्हें एक बार फिर कप्तानी सौंपी गयी है। ही मलिक ने पिछले साल काफी अच्छा शानदार प्रदर्शन किया था। बतौर खिलाड़ी और कप्तान के तौर पर इस खिलाड़ी ने टीम की ओर से महत्तपूर्ण भूमिका निभाई थी। दिल्ली केसी के मुख्य कार्यकारी ने कहा कि से सत्र सीजन हमारे लिए काफी विशेष है। हम लगातार 6 प्लेऑफ प्रदर्शनों से आगे बढ़ते हुए एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल करना चाहते हैं। इसके लिए हमारे खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इसके साथ ही मजबूत नेतृत्व की भी आवश्यकता है जिसमें मलिक पूरी तरह से फिट हैं। उन्होंने लचीलापन, परिपक्वता और टीम को प्रेरित करने की क्षमता दिखाई है। उनके नेतृत्व में हमें ट्रॉफी जीतने का पूरा भरोसा है। वहीं कोच जोगिंदर नरवाल ने कहा कि कप्तान लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और एक मजबूत नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरे हैं। मुझे भरोसा है कि इस साल फिर से टीम का मार्गदर्शन करेंगे। हमारा लक्ष्य प्लेऑफ से आगे बढ़ते हुए खिताब के लिए बढ़ना है।



## पूर्व ओपनर सदागोपन रमेश का गौतम गंभीर पर निशाना, लगाए पक्षपात के आरोप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में गौतम गंभीर की नियुक्ति के बाद से ही लगातार टीम इंडिया में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। टेस्ट क्रिकेट के दिग्गज स्तंभ रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के बाद गंभीर की नीतियों को लेकर लगातार चर्चा हो रही है। जहां कुछ लोग उनके फैसलों का समर्थन करते हैं, वहीं कई पूर्व खिलाड़ी उनके कामकाज पर सवाल खड़े कर रहे हैं। अब इस लिस्ट में टीम इंडिया के पूर्व ओपनर सदागोपन रमेश का नाम भी जुड़ गया है।

रमेश ने अपने यूट्यूब चैनल पर गौतम पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह सिर्फ उन्हीं खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं जो उन्हें पसंद हैं। उन्होंने कहा, 'गौतम गंभीर जिन खिलाड़ियों को पसंद करते हैं, उनका समर्थन करते हैं और जिन्हें पसंद नहीं करते, उन्हें पूरी तरह नजरअंदाज कर देते हैं।'' रमेश ने यह भी जोड़ा कि इस तरह का रवैया टीम संतुलन और खिलाड़ियों के आत्मविश्वास के लिए सही नहीं है।

हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुई पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर रही थी। इस परिणाम को लेकर रमेश की अलग राय है। उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड में ड्रॉ सीरीज को बड़ी उपलब्धि की तरह दिखाया जा रहा है, लेकिन असल में यह इसलिए खास लग रही है क्योंकि पिछले साल टेस्ट क्रिकेट में हमारा प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। विदेशी धरती पर जीत की शुरुआत पहले ही विराट कोहली और रवि शास्त्री के समय हो चुकी थी। ऐसे में ड्रॉ सीरीज को गंभीर के ट्रैक रिकॉर्ड में उपलब्धि के रूप में गिनना सही नहीं है।'

रमेश ने टीम चयन पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एशिया कप 2025 के लिए श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल को टीम में शामिल किया जाना चाहिए था। रमेश के अनुसार, 'श्रेयस अय्यर चैंपियंस ट्रॉफी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन गंभीर उनका समर्थन नहीं कर रहे हैं। वहीं यशस्वी जायसवाल जैसे खिलाड़ी, जो टीम के लिए एक्स-फैक्टर साबित हो सकते हैं, उन्हें सभी फॉर्मेट में मौका मिलना चाहिए। उन्हें सिर्फ स्टैंडबाय में रखना एक गलत कदम है।'

गंभीर की कोचिंग पर उठे ये सवाल टीम इंडिया के मौजूदा माहौल और चयन नीतियों पर



गहरी बहस छेड़ सकते हैं। जहां एक ओर गंभीर के समर्थक उन्हें टीम में नए प्रयोग और आक्रामक सोच लाने वाला मानते हैं, वहीं आलोचकों का कहना है कि उनके फैसले कई बार पक्षपात से प्रभावित नजर आते हैं।

# बड़े बदलाव को लेकर 3-4 सितंबर को बैठक कर सकती हैं जीएसटी परिषद, चार की जगह सिर्फदो स्लैब पर बन सकती हैं सहमति




**नई दिल्ली।**

जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक 3-4 सितंबर को हो सकती है। बैठक में मंत्री समूह (जीओएम) द्वारा दो स्लैब 5 और 18 प्रतिशत को बरकरार रखने के प्रस्ताव पर फैसला होगा। रिपोर्ट के अनुसार, परिषद की बैठक केंद्र द्वारा जीएसटी कराधान व्यवस्था के ढांचे को वर्तमान चार स्लैब से दो स्लैब में बदलने के बड़े पैमाने पर प्रयास के बीच हो रही है। छह सदस्यीय जीओएम का नेतृत्व करने वाले बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अनुसार, हमारे द्वारा दो स्लैब वाली जीएसटी स्ट्रक्चर की सिफारिश की है और अपनी सिफारिशें जीएसटी परिषद को सौंप दी हैं।

जीओएम ने सहमति व्यक्त की कि नई व्यवस्था के तहत मौजूदा 12 और 28 प्रतिशत स्लैब को समाप्त करने की बात कही है। इसका उद्देश्य एक सरल और अधिक पारदर्शी जीएसटी व्यवस्था की ओर बढ़ना है। देश में वर्तमान में चार स्लैब 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत वाला जीएसटी सिस्टम लागू है। साथ ही सिन और लग्जरी गुड्स पर अतिरिक्त उपकर भी लगाया जाता है।

नए स्ट्रक्चर के तहत, मैरिट वस्तुओं और सेवाओं पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जबकि अधिकांश अन्य वस्तुएं (स्टैंडर्ड) 18 प्रतिशत के स्टैंडर्ड रेट के दायरे में आएगी। कुछ तथाकथित सिन गुड्स पर 40 प्रतिशत का उच्च कर लागू रहेगा। उदाहरणों में शराब, तंबाकू, ड्रग्स, जुआ, शीतल पेय, फास्ट फूड, कॉफी, चीनी और पोर्नोग्राफी भी शामिल हैं। सिन टैक्स एक विशेष कर है, जो सरकार द्वारा इस प्रकार की वस्तुओं पर लगाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को इनके उपयोग से हतोत्साहित करना और इनसे होने वाले नुकसान को कम करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इससे पहले दो दिवसीय मंत्रिसमूह की बैठक को संबोधित कर कहा था कि एक सरलीकृत प्रणाली से आम आदमी, किसानों, मध्यम वर्ग और छोटे व्यवसायों को लाभ होगा, साथ ही जीएसटी को अधिक पारदर्शी और विकासोन्मुखी भी बनाया जा सकेगा। बदलावों के तहत, वर्तमान में 12 प्रतिशत कर श्रेणी में आने वाली लगभग सभी वस्तुएं 5 प्रतिशत के स्लैब में आ जाएंगी।

# आईआरसीओएन इंटरनेशनन देगी एक रुपए फाइनल डिविडेंड

## - रिकॉर्ड डेट 11 सितंबर तय

**नई दिल्ली ।**

रेलवे क्षेत्र की नवरत्न सरकारी कंपनी आईआरसीओएन इंटरनेशनल लिमिटेड ने अपने निवेशकों को 1 रुपए प्रति शेयर फाइनल डिविडेंड देने की घोषणा की है। यह डिविडेंड 2 रुपए फेस वैल्यू पर 50 फीसदी के रूप में दिया जाएगा। कंपनी ने बताया है कि डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट 11 सितंबर तय की गई है। आईआरसीओएन ने मई 2025 में अपने चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजों के साथ डिविडेंड की घोषणा की थी। हालांकि, इसका भुगतान 18 सितंबर को होने वाली कंपनी की 66वीं वार्षिक आम बैठक में मंजूरी मिलने के बाद ही किया जाएगा। डिविडेंड का भुगतान 1 अक्टूबर को किया जाएगा। डिविडेंड का लाभ पाने के लिए निवेशकों को रिकॉर्ड डेट तक कंपनी के शेयर अपने डीमैट अकाउंट में रखने होंगे। पिछले कुछ वर्षों में आईआरसीओएन ने नियमित रूप से अच्छा डिविडेंड दिया है। फरवरी 2025 में कंपनी ने 1.65 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड दिया था। वर्ष 2024 में




कंपनी ने दो बार 1.80 और 1.30 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड दिया। वहीं, 2023 में 3 रुपए और 2022 में 1.35 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड निवेशकों को मिला था।

# नई जीएसटी दरों पर असमंजसः ऑटोमोबाइल कंपनियां को उपभोक्ता की प्रतिक्रिया का इंतजार




## - मंत्रिसमूह के स्लैब के प्रस्ताव के बीच वाहन उद्योग में आशंका और उम्मीद का माहौल

**नई दिल्ली ।** सरकार द्वारा प्रस्तावित नई जीएसटी व्यवस्था के तहत 12 और 28 फीसदी टैक्स स्लैब को हटाकर केवल 5 और 18 फीसदी दरें लागू करने की संभावना पर वाहन उद्योग में मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कई कंपनियों को डर है कि जब तक जीएसटी परिषद इस पर अंतिम फैसला नहीं लेती, तब तक ग्राहक वाहन खरीदने में देरी कर सकते हैं, जिससे बिक्री प्रभावित हो सकती है।

मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आरसी भार्गव का कहना है कि वर्तमान में बड़ी कारों पर कुल कर भार 40-45 फीसदी तक पहुंचता है। यदि नई व्यवस्था में उपकर हटा दिया जाता है और केवल 18 फीसदी टैक्स लागू होता है, तो यह बदलाव बड़ी राहत ला सकता है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि उपभोक्ता अभी भी वाहन खरीद रहे हैं, इसलिए फिलहाल बाजार में कोई ठहराव नहीं दिख रहा है। वहीं विशेषज्ञों का मानना है कि अगर बड़ी कारों पर उपकर हटता है, तो छोटी कारों की कीमतीय प्रतिस्पर्धा घट सकती है, जिससे उनकी मांग प्रभावित हो सकती है। इसके बावजूद यह बदलाव वाहन उद्योग की कुल बिक्री को बढ़ा सकता है। दोपहिया वाहन क्षेत्र में भी प्रतिक्रिया बंटी हुई है।

बजाज ऑटो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा जीएसटी में राहत की घोषणा के बावजूद ग्राहकों की खरीद में देरी का कोई संकेत नहीं मिला है। उद्योग जगत को अब जीएसटी परिषद के अंतिम फैसले का इंतजार है, जो बाजार की दिशा तय करेगा।

# 1 सितंबर से बजाज आलियांज पॉलिसीधारकों को अस्पतालों में कैशलेस सुविधा नहीं: एएचपीआई



## पुराने टैरिफ, पेमेंट कटौती और मेडिकल इन्फ्लेशन को लेकर असंतोष; अस्पतालों ने रिएम्बर्समेंट विकल्प रखा

**नई दिल्ली ।**

एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स-इंडिया (एएचपीआई) ने घोषणा की है कि उसके सदस्य अस्पताल में 1 सितंबर से बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के पॉलिसीधारकों को कैशलेस इलाज की सुविधा नहीं देंगे। संगठन के तहत 15,200 से अधिक निजी अस्पताल आते हैं, जिनमें मैक्स हेल्थकेयर और मेदांता जैसे प्रमुख नाम भी शामिल हैं। एएचपीआई का आरोप है कि बजाज आलियांज अस्पतालों को पुराने टैरिफ पर भुगतान कर रहा है, जबकि मेडिकल खर्चों में सालाना 7-8 फीसदी की बढ़ोतरी हो रही है। इसके अलावा कंपनी पर प्री-ऑथ और डिस्चार्ज अप्रूवल में देरी और पेमेंट में मनमानी कटौती के भी आरोप लगाए गए हैं। संगठन का कहना है कि इस स्थिति में अस्पतालों के लिए गुणवत्तापूर्ण इलाज जारी रखना कठिन हो गया है। हालांकि एएचपीआई ने स्पष्ट किया कि इलाज पूरी तरह बंद नहीं होगा। मरीजों को सेल्फ-पे आधार पर इलाज मिलेगा और वे बाद में कंपनी से रिएम्बर्समेंट क्लेम कर सकेंगे। संगठन ने इसी तरह की शिकायत के चलते केयर हेल्थ इंश्योरेंस को भी नोटिस भेजा है और चेतावनी दी है कि 31 अगस्त तक जवाब नहीं मिलने पर उनकी भी कैशलेस सुविधा बंद की जा सकती है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, बजाज आलियांज के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कंपनी पॉलिसीधारकों को बेहतर सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है और संवाद के जरिए समाधान निकालने की उम्मीद है।

# रूस से सस्ते तेल का लाभ निजी कंपनियों तक सीमित

## - रिलायंस और नायरा ने उठाया सबसे ज्यादा मुनाफा, सरकारी कंपनियां पीछे रहीं

**नई दिल्ली।**

रूस से सस्ते कच्चे तेल का आयात भारत के लिए आर्थिक रूप से फायदेमंद रहा, लेकिन इसका लाभ सभी को समान रूप से नहीं मिला। निजी क्षेत्र की दो बड़ी कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज और नायरा एनर्जी ने इस अवसर का सबसे अधिक फायदा उठाया। उद्योग सूत्रों और शिपमेंट डेटा के अनुसार देश की सात प्रमुख रिफाइनिंग कंपनियों ने रोजाना करीब 18 लाख बैरल रूसी कच्चा तेल खरीदा, जिसमें से करीब 8.81 लाख बैरल प्रतिदिन अकेले इन दो निजी कंपनियों के हिस्से में आया। नायरा एनर्जी को रूस की सरकारी कंपनी रोसनेफ्ट नियंत्रित करती है। सरकारी रिफाइनरियों को घरेलू बाजार में तय कीमतों पर ईंधन बेचने की बाध्यता के कारण अपेक्षाकृत कम मुनाफा हुआ। वहीं, निजी कंपनियों ने सस्ते रूसी तेल को रिफाइन कर अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊंचे दामों पर बेचा। अमेरिकी वित्त मंत्री के अनुसार भारतीय कंपनियों को ऐसे सौदों से अब तक करीब 16 अरब डॉलर का मुनाफा हुआ है। उन्होंने इसे जंग के समय मुनाफाखोरी करार दिया। फिनलैंड की एक संस्था की रिपोर्ट बताती है कि जी7 प्लस देशों ने भारत और तुर्की की 6 रिफाइनरियों से 21 अरब डॉलर के ईंधन उत्पाद खरीदे, जिनमें से लगभग 9 अरब डॉलर के उत्पाद रूसी कच्चे तेल से बने थे। रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी ने अकेले ही 12 अरब यूरो का ईंधन निर्यात किया, जिसमें




4 अरब यूरो रूसी तेल पर आधारित था। इससे सवाल उठता है कि क्या ऐसे रणनीतिक संसाधनों का लाभ सभी नागरिकों तक पहुंचना चाहिए या केवल कुछ निजी हाथों तक सीमित रहना चाहिए।

# पेट्रोल-डीजल के दामों में हल्का उतार-चढ़ाव

## - लखनऊ समेत यूपी के कई शहरों में बदलाव




**नई दिल्ली ।** देशभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में शनिवार को हल्का उतार-चढ़ाव देखा गया है। उत्तर प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ, प्रयागराज और नोएडा जैसे प्रमुख शहरों में ईंधन की कीमतों में मामूली बदलाव दर्ज किया गया। कुछ शहरों में पेट्रोल-डीजल की दरें बढ़ी हैं तो कुछ जगहों पर मामूली राहत भी मिली। शे निवार को लखनऊ में पेट्रोल 94.69 रुपए प्रति लीटर और डीजल 87.81 रुपए प्रति लीटर की दर पर बिक रहा है। नोएडा में पेट्रोल 95.12 और डीजल 88.29 प्रति लीटर है। राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 94.77 और डीजल 87.67 प्रति लीटर पर स्थिर बना हुआ है। मुंबई, चेन्नई, कोलकाता जैसे मेट्रो शहरों में भी कीमतों में कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया।



# तमिलनाडु में जूते-चप्पलों की फैक्ट्री लगाएगा कोरियाई ह्वासेंग ग्रुप

**चेन्नई ।** क्षिण कोरिया की प्रमुख कंपनी ह्वासेंग फुटवियर ग्रुप मिलनाडु के तूतीकोरिन जिले में 1,720 करोड़ का निवेश कर गैर-चमड़े के जूते-चप्पलों की फैक्ट्री लगाएगी। यह भारत में कंपनी की पहली यूनिट होगी। इस परियोजना से लगभग 20,000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। तमिलनाडु के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने बताया कि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कंपनी के अधिकारियों से मुलाकात की और निवेश को लेकर सहमति बनी। उन्होंने कहा कि यह राज्य में फुटवियर क्षेत्र की सबसे बड़ी रोजगार देने वाली परियोजनाओं में से एक होगी। राज्य सरकार की उद्योग-प्रोत्साहन नीति के तहत यह निवेश तमिलनाडु को वैश्विक विनिर्माण हब बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। अन्य निवेश समझौतों से भी जल्द नई नौकरियों के अवसर सामने आएंगे।

# टिकटाक की भारत में वापसी की अटकलें तेज, वेबसाइट हुई एक्टिव

## - कहीं वेबसाइट की उपलब्धता, कहीं भारत-चीन रिश्तों में सुधार की उम्मीदें

**जम्मू ।** टिकटॉक जो 2020 में भारत में बैन हुआ था, उसकी वेबसाइट हाल ही में कुछ उपयोगकर्ताओं के मोबाइल और लैपटॉप पर एक्टिव दिख रही है। हालांकि ऐप अभी भी गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर पर उपलब्ध नहीं है, जिससे साफ नहीं हो पा रहा कि टिकटॉक पूरी तरह से भारत में वापस आ रहा है या नहीं। यह संकेत टेस्टिंग या सीमित रोलआउट के हो सकते हैं। भारत और चीन के बीच रिश्तों में हाल ही में सुधार के चलते टिकटाक की वापसी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि, भारत सरकार ने अभी तक टिकटाक की वापसी के लिए कोई आधिकारिक मंजूरी नहीं दी है। कंपनी की तरफ से भी कोई घोषणा नहीं आई है। फिलहाल टिकटाक भारत में आधिकारिक रूप से बैन ही है और बिना अनुमति काम नहीं कर सकता।

# अमेरिकी सरकार ने इंटेल में 10 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी

## - चिप उद्योग को मिलेगी मजबूती




**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी सरकार ने चिपमेकर कंपनी इंटेल में करीब 10 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का ऐतिहासिक फैसला किया है। इस डील की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इंटेल के सीईओ ने की। पिछली बाइडन सरकार ने इंटेल को आर्थिक मदद देने का एलान किया था, लेकिन ट्रंप ने इस सहायता के बदले कंपनी में हिस्सेदारी लेने की मांग की थी। दोनों पक्षों के बीच सहमति बनने के बाद अब सरकार को इंटेल के सामान्य स्टॉक के 43.3 करोड़ शेयर मिले हैं, जो कंपनी का 9.9 प्रतिशत है। इस हिस्सेदारी की कीमत करीब 8.9 अरब डॉलर है, जिसमें से 5.7 अरब डॉलर चिप्स और विज्ञान कानून के तहत अनुदान के रूप में दिया जाएगा। बाकी 3.2 अरब डॉलर सिक्योर एन्क्लेव कार्यक्रम के तहत कंपनी को मिलेंगे। इससे पहले भी इंटेल को 2.2 अरब डॉलर के अनुदान मिल चुके हैं, जिससे कुल राशि 11.1 अरब डॉलर हो जाती है। इंटेल में सरकार का निवेश निष्क्रिय होगा, यानी बोर्ड या कंपनी के संचालन में सरकार की कोई भागीदारी नहीं होगी। अमेरिकी वाणिज्य मंत्री ने कहा कि यह समझौता अमेरिका के सेमीकंडक्टर क्षेत्र में नेतृत्व को मजबूत करेगा। इंटेल ने एक समय सिलिकॉन वैली में अपनी मजबूत पकड़ बनाई थी, लेकिन एशियाई कंपनियों टीएसएमसी और सैमसंग के आने से उसकी स्थिति कमजोर हुई थी। चिप्स और विज्ञान कानून का उद्देश्य अमेरिकी सेमीकंडक्टर उद्योग को पुनर्जीवित करना है।

# बीते सप्ताह शेयर बाजार में मिला-जुला रुख रहा

## - सेंसेक्स 693 अंक गिरकर 81,306.85 अंक पर बंद
## - निफ्टी 213 अंक गिरकर 24,870.50 अंक पर बंद

**मुंबई ।**

शेयर बाजार में बीते सप्ताह मिला-जुला रुख देखने को मिला। शुरुआती कारोबार में बाजार में जबरदस्त तेजी रही, जिसका श्रेय जीएसटी व्यवस्था में संभावित सुधारों और प्रमुख कंपनियों में निवेश बढ़ने को दिया जा सकता है। हालांकि सप्ताह के अंत में आईटी और बैंकिंग शेयरों में गिरावट के चलते बाजार फिसल गया। यह सप्ताह निवेशकों के लिए भावनात्मक रूप से उतार-चढ़ाव से भरा रहा। सप्ताह के पहले कारोबारी` दिन सोमवार को सेंसेक्स 1,021 अंक की भारी बढ़त के साथ 81,619.59 पर खुला और 676 अंकों की तेजी के साथ बंद हुआ। वहीं निफ्टी ने 322 अंकों की छलांग लगाई और 24,876.95 पर बंद हुआ। मंगलवार को भी तेजी बरकरार रही। बाजार ने जीएसटी सुधारों की योजनाओं को सकारात्मक संकेत के रूप में लिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में मजबूती आई। बुधवार को एशियाई बाजारों के कमजोर संकेतों का असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। हालांकि शुरुआत गिरावट के साथ हुई, लेकिन दिन के




अंत में मामूली तेजी के साथ बाजार बंद हुआ। गुरुवार को रिलायंस और आईसीआईसीआई बैंक में खरीदारी से बाजार ने मजबूती दिखाई। सेंसेक्स 82,000 के पार बंद हुआ। आईटी और बैंक शेयरों की गिरावट की वजह से लगभग एक सप्ताह की तेजी के बाद शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों में गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 262.05 अंक गिरकर 81,738.66 पर खुला और 693.86 अंक गिरकर 81,306.85 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 81.55 अंक गिरकर 25,002.20 पर खुला और 213.25 अंक गिरकर 24,870.50 अंक पर बंद हुआ।

# कोच्चि में अदाणी लॉजिस्टिक्स पार्क के शिलान्यास की घोषणा, 70 एकड़ में फैली परियोजना

**कोच्चि।**

अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने कलामासेरी औद्योगिक क्षेत्र में अदाणी लॉजिस्टिक्स पार्क के शिलान्यास की घोषणा की, इसका उद्घाटन केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने किया। 70 एकड़ में फैली परियोजना 600 करोड़ से अधिक के निवेश वाले केरल में निवेश कार्यक्रम का हिस्सा है। अदाणी लॉजिस्टिक्स पार्क में सस्टेनेबिलिटी और इनोवेशन के मध्य नजर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन, स्मार्ट लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशन और डिजिटल इंटीग्रेशन जैसी सुविधाएं शामिल होंगी।

कंपनी के अनुसार, पार्क से 1,500 से अधिक नौकरियों के सृजन की उम्मीद है, जिससे स्थानीय रोजगार, कौशल और आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही सप्लाई चेन इकोसिस्टम में लघु और मध्यम उद्यमों (एसएमई) के लिए विकास के अवसर पैदा होने है। एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अश्विनी गुप्ता ने कहा, कलामासेरी लॉजिस्टिक्स पार्क, एपीएसईजेड के बंदरगाह-केंद्रित उद्यम से फुली इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक्स बिजनेस में परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस दिशा में हमारे सबसे बड़े प्रयासों में से एक के रूप में, यह पार्क दक्षिण भारत में हमारी लॉजिस्टिक्स उपस्थिति को बेहतर करने, स्थानीय विनिर्माण और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने के काम आएगा। उन्होंने कहा, हम वर्ल्ड-क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो सस्टेनेबिलिटी, कनेक्टिविटी और राष्ट्रीय प्रगति को बढ़ावा दे। यह ऐतिहासिक परियोजना केरल को एक लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक महाशक्ति में बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पार्क कोच्ची में स्थित है, जो कि औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स विकास के केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा शहर है। पार्क 70 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला है और इसे परिवहन लागत को कम करने, समय पर संचालन को सक्षम बनाने और ई-कॉमर्स, एफएमसीजी/एफएमसीडी, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोटिव और खुदरा सहित प्रमुख क्षेत्रों में निर्यात क्षमताओं को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। इस मौके पर केरल के उद्योग मंत्री पी.राजीव ने कहा, कलामासेरी लॉजिस्टिक्स पार्क, एपीएसईजेड के स्मार्ट, सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर के दृष्टिकोण को दिखाता है, जो व्यापार को बढ़ावा देता है, समुदायों को सशक्त बनाता है और बाजारों को जोड़ता है।

# म्यूचुअल फंड उद्योग परिचालन जोखिमों और फर्जीवाड़े से रहे सतर्क- सेबी प्रमुख

## एएमसी को त्वरित कार्रवाई और पारदर्शिता सुनिश्चित करनी होगी

**मुंबई ।**

भारतीय बाजार नियामक सेबी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने म्यूचुअल फंड उद्योग को आगाह किया कि उन्हें केवल बाजार जोखिमों तक सीमित न रहकर परिचालन जोखिमों को भी गंभीरता से लेना होगा। उन्होंने कहा कि फर्जी निवेशकों द्वारा जालसाजी के मामलों में कोई व्यक्ति झूठे दस्तावेजों का सहारा लेकर असली निवेशकों की फंड यूनिट्स या राशि निकाल सकता है, जिससे निवेशकों का विश्वास गहराई से प्रभावित होता है। सेबी प्रमुख ने म्यूचुअल फंड एसोसिएशन के एक कार्यक्रम में कहा कि एसेट मैनेजमेंट कंपनियों को ऐसे धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए और अपराध के बदलते तरीकों पर नजर रखनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि धोखाधड़ी के मामलों की जानकारी सभी एएमसी और रजिस्ट्रार एजेंटों के साथ साझा की जाए ताकि भविष्य में दोहराव से बचा जा सके। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य ने भी म्यूचुअल फंड उद्योग से जिम्मेदाराना और नैतिक वृद्धि पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा और नवाचार के दबाव में उद्योग को अल्पकालिक लाभ की बजाय निवेशकों के हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए, जिससे दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित हो सके।

# बैंक घोटाले में हिरेन भानु और पत्नी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस की तैयारी

## - एस्प्लेनेड कोर्ट ने भगोड़ा घोषित किया



**मुंबई ।** मुंबई की एस्प्लेनेड कोर्ट ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन हिरेन भानु और उनकी पत्नी गौरी भानु को 122 करोड़ रुपए के कथित घोटाले में भगोड़ा अपराधी घोषित किया है। कोर्ट ने पुलिस को दोनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इससे पहले मुंबई पुलिस ने दोनों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था क्योंकि वे विदेश फरार हो चुके हैं। कोर्ट ने मामले में शामिल पांच आरोपियों की 167.85 करोड़ रुपए कीमत वाली 21 संपत्तियों को कुर्क करने की अनुमति भी दी है। इस घोटाले की जांच मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) कर रही है। अब तक बैंक के पूर्व महाप्रबंधक हितेश मेहता, पूर्व सीईओ अभिमन्यु भोन सहित आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मुंबई पुलिस अब इंटरपोल की मदद से हिरेन और उनकी पत्नी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की प्रक्रिया में है। यह प्रक्रिया लगभग एक महीने में पूरी हो सकती है। रेड कॉर्नर नोटिस जारी होने के बाद दोनों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तलाशा जाएगा। घोटाले के खुलासे के बाद हिरेन भानु फरार हो गए थे। उन्होंने खुद को निर्दोष बताते हुए इस पूरे घोटाले की जिम्मेदारी वरिष्ठ अधिकारी हितेश मेहता पर डाली है। हिरेन ने बताया कि फरवरी में आरबीआई के अधिकारियों की पहली जांच के दौरान मेहता ने अपने अपराध को स्वीकार किया था।



# कांतारा चैप्टर 1 में अहम भूमिका निभाएंगे गुलशन देवैया

ऋषभ शेट्टी की साल 2022 में आई फिल्म कांतारा ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर प्रदर्शन किया। दर्शकों को फिल्म खूब पसंद आई। अब इस फिल्म का प्रीक्वल आ रहा है। फिल्म कांतारा चैप्टर 1 को लेकर दर्शक उत्साहित हैं। इस फिल्म में एक्टर गुलशन देवैया की एंट्री हो गई है। आज मंगलवार को मेकर्स ने एक्टर का लुक रिवील किया है। होम्बले फिल्म्स के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया गया है। इसमें गुलशन देवैया का लुक रिवील किया गया है। गुलशन देवेया कुलशेखर की भूमिका अदा करेंगे। जारी किए गए पोस्टर में वे दमदार लुक में नजर आ रहे हैं। उनके सिर पर मुकुट सजा है और किसी राजा की वेशभूषा में वे सिंहासन पर विराजमान हैं। पोस्टर हिंदी, अंग्रेजी के अलावा अन्य साउथ भाषाओं में भी रिलीज किया गया है।

### नेटिजन्स ने जताई खुशी

गुलशन दैवेया के लुक पर नेटिजन्स की जबर्दस्त प्रतिक्रिया आ रही है। गुलशन को देख फिल्म के प्रति दर्शकों का एक्साइटमेंट बढ़ गया है। एक यूजर ने लिखा, अपना गुल्लू, कुलशेखर बनकर छा गया। एक अन्य यूजर ने लिखा है, जबर्दस्त कास्टिंग। एक यूजर ने लिखा, आपको फिल्म का हिस्सा बनते देख खुशी हो रही है।

### कब रिलीज होगी कांतारा

गुलशन देवैया चर्चित एक्टर हैं। उन्हें शैतान, हेट स्टोरी , गोलियों की रासलीला राम-लीला, कमांडो 3 और बधाई दो जैसी फिल्मों में देखा गया है। अब कांतारा के जरिए वे कन्नड़ फिल्मों में डेब्यू कर रहे हैं। बात करें फिल्म कांतारा चैप्टर 1 की तो यह 02 अक्तूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। कांतारा (2022) बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही है। ऋषभ शेट्टी ने इस फिल्म को लिखा था और डायरेक्ट भी उन्होंने किया था। 2022 में इस फिल्म के लिए उन्हें बेस्ट एक्टर का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला।

## अल्लू अर्जुन और एटली की फिल्म पर आया अपडेट



# 100 दिन तक शूटिंग करेंगी दीपिका

**साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन और निर्देशक एटली की अपकमिंग फिल्म में बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिका निभाने जा रही हैं। फिल्म एक पैरेलल यूनिवर्स पर आधारित कहानी होगी, जो भारतीय सिनेमा के लिए एक बिल्कुल नया अनुभव साबित हो सकती है।**

### नवंबर से दीपिका करेंगी शूटिंग

पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक दीपिका पादुकोण इस प्रोजेक्ट की शूटिंग नवंबर 2025 से शुरू करेंगी। खास बात यह है कि वो लगभग 100 दिनों तक लगातार शूटिंग में व्यस्त रहेंगी। दीपिका इस फिल्म में एक योद्धा का किरदार निभाने वाली हैं, जिसके लिए उनका लुक और हथियार विशेष रूप से डिजाइन किए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, दर्शक ऐसे अवतार में दीपिका दिखेंगी जो पहले कभी पर्दे पर नहीं देखा गया। इस किरदार में भरपूर एक्शन, इमोशनल और ड्रामेटिक सीन शामिल होंगे।

### फिल्म की स्टारकास्ट

इस फिल्म में दीपिका पादुकोण और अल्लू अर्जुन के अलावा इसमें रश्मिका मंदाना, जाह्नवी कपूर और मृणाल ठाकुर जैसी लोकप्रिय अभिनेत्रियां भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगी।

### दीपिका का वर्कफ्रंट

दीपिका पादुकोण फिलहाल इंडस्ट्री की सबसे बिजी अभिनेत्रियों में से एक हैं। वो अक्टूबर 2025 में शाहरुख खान के साथ फिल्म किंग की शूटिंग शुरू करने वाली हैं। हाल ही में उन्होंने द इंटरन के हिंदी रीमेक से अलग होकर सुर्खियां बटोरी थीं और अब वह प्रोडक्शन की ओर भी अपना ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

### अल्लू अर्जुन का ट्रिपल रोल




फिल्म की सबसे बड़ी खासियत यह है कि अल्लू अर्जुन इसमें तीन अलग-अलग किरदार निभाने जा रहे हैं। हर किरदार की अपनी एक पहचान और लुक होगा। बताया जा रहा है कि यह फिल्म दो अलग-अलग दुनियाओं में सेट है, जिनमें से एक पैरेलल यूनिवर्स है। इसका स्केल हॉलीवुड की अवतार जैसी फिल्मों की याद दिलाएगा। अल्लू अर्जुन इस प्रोजेक्ट को लेकर इतने गंभीर हैं कि उन्होंने अपने बाकी सभी कमिटमेंट्स किनारे रख दिए हैं और पूरी तरह से फिल्म पर फोकस कर रहे हैं।

# नितेश तिवारी की 'रामायण' में अमित सियाल निभाएंगे सुग्रीव की भूमिका

नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही फिल्म रामायण के एक-एक अपडेट का फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है। सबसे ज्यादा फिल्म के किरदारों को लेकर दर्शक उत्साहित हैं। मिली जानकारी के मुताबिक रामायाण फिल्म में अमित सियाल सुग्रीव का किरदार निभा रहे हैं।

महाकाव्य रामायण में वानर राज सुग्रीव एक बहुत ही महत्वपूर्ण पात्र हैं, जो बाली के छोटे भाई हैं। रणबीर कपूर अभिनीत रामायण फिल्म में सुग्रीव की भूमिका टैलेंटेड एक्टर अमित सियाल निभाएंगे। ये जानकारी अमर उजाला को मिली है। अब दर्शकों को मेकर्स द्वारा इसके आधिकारिक एलान का इंतजार है। आपको बताते चलें कि इससे पहले कहा जा रहा था कि अमित सियाल बाली की भूमिका निभाते दिखेंगे। हालांकि, अब यह साफ हो गया है कि अभिनेता सुग्रीव का ही किरदार निभा रहे हैं। अमित ने रामायण फिल्म में कुछ हिस्सों की शूटिंग भी कर ली है। अभिनेता को वानर राज सुग्रीव की भूमिका में देखना दर्शकों के लिए रोमांचक अनुभव होने वाला है।






# मौके का इंतजार करने के बजाय खुद मौके बनाने का फैसला किया

हुमा कुरैशी और उनके भाई साकिब सलीम जल्द ही अपनी पहली प्रोडक्शन फिल्म बेबी डू डाई डू रिलीज करने वाली हैं। अभिनय के अलावा, दोनों ने अब निर्माता बनने का फैसला किया है ताकि वे अच्छी कहानियों को खुद चुन सकें और उन्हें दर्शकों तक पहुंचा सकें।

एक खबर के मुताबिक, हुमा का कहना है कि अभिनेत्री के तौर पर उन्हें हमेशा दूसरों के चुने हुए रोल पर निर्भर रहना पड़ता था। इससे उनमें निराशा थी, क्योंकि वे और भी बहुत कुछ कर सकती थीं। इसीलिए उन्होंने और साकिब ने खुद कहानियां बनाने का फैसला किया। उनकी पहली प्रोडक्शन फिल्म जल्द रिलीज होगी और इसके बाद हुमा एक इन्वेस्टिगेटिव फिल्म बयान में नजर आएंगी।

### क्या नया करना चाहती हैं हुमा

39 साल की हुमा ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। इस लिस्ट में गैंग्स ऑफ वासेपुर, डेढ़ इश्किया और जॉली एलएलबी 2 जैसी फिल्में शामिल हैं। अब वह नई और अच्छी कहानियां लाना चाहती हैं। वे कहती हैं कि उन्होंने और साकिब ने दूसरों के मौके का इंतजार करने के बजाय खुद मौके बनाने का फैसला किया। वे अपने प्रोडक्शन हाउस को ऐसा बनाना चाहती हैं, जहां नए चेहरों को मौका मिले और काम का माहौल बेहतर हो। हुमा का कहना है कि वे दूसरों की गलतियों को नहीं दोहराएंगी। भविष्य में वे बड़ी फिल्में बनाना चाहेंगी, लेकिन नए टैलेंट को मौका देने की कीमत पर नहीं।



# सोनाक्षी के टैलेंट का पूरा इस्तेमाल नहीं हुआ

बॉलीवुड की दमदार अदाकारा सोनाक्षी सिन्हा की कुछ समय पहले रिलीज हुई फिल्म निकिता रॉय बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं कर पाई। हाल ही में उनके भाई और डायरेक्टर कुश सिन्हा ने बहन के करियर और उनकी क्षमता को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि सोनाक्षी में अपार टैलेंट है, लेकिन इंडस्ट्री में कई बार उनकी असली क्षमता को सही तरीके से सामने नहीं लाया गया। कुश सिन्हा ने हालिया इंटरव्यू में कहा है कि उन्होंने हमेशा सोनाक्षी को एक अदाकारा के रूप में अलग नजरिए से देखा है। भाई होने के साथ-साथ एक दर्शक के तौर पर भी उन्होंने महसूस किया कि सोनाक्षी को वो मौके नहीं मिले जिनसे उनकी पूरी रेंज सामने आती। उन्होंने याद दिलाया कि लुटेरा और अकीरा जैसी फिल्मों में सोनाक्षी ने यह साबित किया कि वो सिर्फ कमर्शियल फिल्मों की हीरोइन नहीं बल्कि एक गंभीर और परिपक्व अभिनेत्री भी हैं।


कुश ने इस बातचीत में यह भी कहा कि फिल्मकार कई बार सितारों को उनकी सीमाओं से आगे धकेलने से हिचकिचाते हैं। इसका नुकसान कलाकारों को होता है क्योंकि उनकी असली प्रतिभा पर्दे पर पूरी तरह से सामने नहीं आ पाती। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि कलाकारों की अपनी पसंद भी बहुत मायने रखती है। कई बार कागज पर शानदार लगने वाला किरदार शूटिंग के दौरान उतना असरदार साबित नहीं होता।

### सही चुनाव से बनता है करियर

कुश का मानना है कि इंडस्ट्री में टिके रहने के लिए फिल्मों का चुनाव बेहद सोच-समझकर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई बार अभिनेता कुछ प्रोजेक्ट्स चुन लेते हैं जो बाद में उतने प्रभावी साबित नहीं होते। वहीं, कभी-कभी उम्मीद से कहीं ज्यादा शानदार नतीजे भी मिल जाते हैं। यही इस इंडस्ट्री की अनिश्चितता है।



# 46 साल बाद साथ काम करेंगे रजनीकांत-कमल हासन



**रजनीकांत और कमल हासन दोनों ही साउथ के सुपरस्टार्स हैं। एक वक्त था, जब इन्होंने साथ में कई फिल्में की थीं, लेकिन 46 साल से इनकी साथ में कोई फिल्म नहीं आई। अब खबर है कि इनके फैंस को जल्द ही एक गुड न्यूज मिल सकती है। दोनों डायरेक्टर लोकेश कनगराज की फिल्म में नजर आ सकते हैं।**

## गैंगस्टर ड्रामा में एक होगा हीरो तो दूसरा विलेन

साउथ इंडियन सिनेमा के दो बड़े सुपरस्टार रजनीकांत और कमल हासन की जोड़ी कई फिल्मों में दिखाई दे चुकी है। इन दोनों स्टार्स को साथ में देखने के लिए फैंस एक्साइटेड रहते हैं। इस जोड़ी को पिछली बार हिंदी फिल्म गिरफ्तार में देखा गया था। ये साल 1985 में रिलीज हुई थी। अब खबर आई है कि करीब 46 साल बाद ये दोनों साथ में एक फिल्म करने जा रहे हैं। इस फिल्म को डायरेक्ट करेंगे साउथ के बेस्ट डायरेक्टर्स में से एक लोकेश कनगराज। इंडस्ट्री इंसाइडर श्रीधर पिल्लई ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर दोनों की एक तस्वीर शेयर करते हुए ये जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि दोनों लगभग 46 साल बाद साथ काम करने जा रहे हैं।

### लोकेश ने दोनों सुपरस्टार्स से की थी मुलाकात



इससे पहले खबर आई थी कि कुछ दिनों पहले ही लोकेश कनगराज ने दोनों सुपरस्टार्स से मुलाकात कर फिल्म की स्टोरी बताई थी। इस फिल्म को राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल प्रोड्यूस कर सकता है।

### 14 अगस्त को रिलीज हुई थी कुली

कुली को फिल्म को लोकेश कनगराज ने ही डायरेक्ट किया है। इसमें आमिर खान और नागार्जुन जैसे सितारे भी हैं। यह 14 अगस्त को रिलीज हुई थी। दर्शक इस मूवी को काफी पसंद कर रहे हैं।

### कमल हासन की पिछली फिल्म

वहीं कमल हासन की लास्ट मूवी ठग लाइफ थी। इस फिल्म को मणिरत्नम ने डायरेक्ट किया था। ये एक गैंगस्टर ड्रामा थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं किया था। कमल हासन लोकेश कनकराज के साथ पहले भी काम कर चुके हैं। उनकी मूवी विक्रम उन्होंने ही डायरेक्ट की थी।

### कमल और रजनीकांत की साथ में फिल्में

कमल और रजनीकांत ने अपूर्व रागंगल, अवल अप्पादिथन, 16 वैयाथिनिले, इलामै ऊंजल आदुकिराथु, थिल्लू मुल्लू और निनैथले इनिक्कूम जैसी फिल्मों में साथ काम किया है।

### कमल हीरो तो रजनीकांत होंगे विलेन!

कहा जा रहा है कि इस फिल्म में कमल हासन हीरो और रजनीकांत विलेन की भूमिका में दिखाई दे सकते हैं। रजनीकांत हाल ही में कमल हासन की बेटी श्रुति हासन के साथ फिल्म कुली में दिखाई दिए थे।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in